TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | राजामंडी बाजार में अतिक्रमण अभियान पर बवाल... (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-डमी | मूल्य ₹7 | गुरूवार | दिनांक- 26.11.2026

दिल्ली दंगा केसः सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को अंतरिम जमानत देने से इनकार



एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े बड़ी साजिश के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में दोनों को जमानत देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आज उनकी अंतरिम जमानत की मांग पर विचार करने से इनकार कर दिया।

दोनों आरोपियों ने कोर्ट में दायर याचिकाओं में कहा कि अभियोजन पक्ष अब तक संरक्षित गवाहों की गवाही दर्ज नहीं करा पाया है। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की ओर से लगाई गई एक साल की रोक की अवधि भी समाप्त होने के करीब है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि अंतरिम राहत की मांग पर विचार करने से पहले वह संबंधित पक्ष यानी दिल्ली पुलिस का पक्ष सुनेगी।

सिब्बल और सिद्धार्थ दवे ने की अंतरिम जमानत की मांग

उमर खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अंतरिम जमानत की मांग करते हुए कहा कि वह छह साल से अधिक समय से हिरासत में हैं। वहीं, शरजील इमाम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने भी इसी तरह की मांग रखी। हालांकि, पीठ ने कहा कि अंतरिम राहत पर विचार करने से पहले प्रतिवादी पक्ष को सुना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासनिक स्तर पर इन मामलों को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का निर्देश दिया, ताकि तीन न्यायाधीशों की पीठ का गठन किया जा सके।

जल्द सुनवाई की मांग पर सीजेआई ने क्या कहा?

उमर खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले की जल्द सुनवाई के लिए तारीख देने का अनुरोध किया। इस पर सीजेआई ने कहा कि पीठ को मामले के तथ्यों की जानकारी है और उसने इसके लिए पूरी तैयारी की है। उन्होंने कहा, 'हमने अपना होमवर्क कर लिया है।'
जब सिब्बल ने पूछा कि क्या अंतरिम राहत की मांग पर सुनवाई के लिए मामला सूचीबद्ध किया जा सकता है, तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुख्य मामले को ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

अयोध्याः राम मंदिर बना आस्था का बड़ा केंद्र

अयोध्या। कार्तिक माह की पावन अवधि में रामनगरी अयोध्या ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों का रिकॉर्ड तोड़ आंकड़ा देखा है। बीते 15 दिनों में एक करोड़ से अधिक भक्तों ने यहां पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और पुण्य कमाया। दीपोत्सव, चौदह कोसी-पंचकोसी परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान शहर पूरी तरह श्रद्धा से सराबोर रहा। व्यापारियों का कहना है कि इतनी भीड़ और कारोबार पहले कभी नहीं देखा। राम मंदिर दर्शन के साथ अन्य धार्मिक स्थलों पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही। सूर्यकुंड, गुप्तारघाट और भरतकुंड में दर्शन-पूजन करने वालों की संख्या उल्लेखनीय रही। पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। व्यापारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी व्यवस्था और विकास जारी रहे तो अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार दीपोत्सव में तकरीबन दस लाख श्रद्धालु पहुंचे। चौदह कोसी परिक्रमा में करीब 30 लाख और पंचकोसी परिक्रमा में लगभग 50 लाख भक्तों ने परिक्रमा पूरी की। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान में भी करीब 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या आए। इन भक्तों ने स्वयं को सिर्फ राम मंदिर और हनुमानगढ़ी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सूर्यकुंड, गुप्तारघाट और भरतकुंड पहुंचकर भी दर्शन-पूजन किया।

सपा की लिस्ट से कांग्रेस नाराज, पार्टी ने खारिज की 26 सीटों वाली बात; कहा- हम सहयोगी हैं, भिखारी नहीं

एजेंसी, लखनऊ।



प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए सपा-कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही चर्चा के बीच सपा के अचानक पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने से कांग्रेस नाराज है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और सांसद व कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। साथ ही पार्टी को 26 सीटें देने जैसी चीजों को खारिज किया है।

सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के प्रतिनिधियों के बीच दिल्ली में दो दौर की वार्ता हुई है। जल्द ही तीसरे चरण की वार्ता भी होनी तय है। इस बीच सपा ने मंगलवार को अपने पांच प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इसमें सहारनपुर की भी दो सीटें हैं। जहां से कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद सांसद हैं। वार्ता के बीच अचानक प्रत्याशी घोषित करने पर उन्होंने नाराजगी जताई है।

इमरान मसूद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह जो हो रहा है, इसमें गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है। एक तरफ आप बात कर रहे हैं और दूसरी तरफ सूची जारी कर दे रहे हैं। हम इस मामले में पार्टी से बात करेंगे कि हमें बैठना भी है या नहीं ? यह समझ ही नहीं आता है कि भाजपा से लड़ना है या हमसे ही लड़ना है।

सपा कहती है कि हमने 26 सीटें दे दी है। हम आपसे मांग रहे थे क्या 26 सीटें। हम सहयोगी हैं, भिखारी नहीं। हम कोई भीख मांग रहे हैं क्या? आप सीटें घोषित कर रहे हैं और हमें मीडिया से हमें इसकी जानकारी मिल रही है। यह गठबंधन पर प्रश्नचिह्न लगता है। आप सूची जारी कर रहे हैं तो 403 की जारी कर दो।

इमरान मसूद ने कहा कि भाजपा से लड़ने की गारंटी राहुल गांधी हैं। भारत जोड़ो यात्रा से सपा का माहौल बना, राहुल गांधी की यात्रा से सपा का माहौल बना। राहुल की यात्रा से सपा 2024 में जीती थी, भाजपा को हराने के लिए राहुल सबसे बड़े नेता हैं। इस पर आप 26 सीट दे रहे हैं, मैं कैसे संतुष्ट हो सकता हूं।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 26 सीट की तो कोई बात ही नहीं है। बात हमारी 403 सीट पर चल रही है। उस पर बातचीत फाइनल हो जाएगी, तब हम सबको सूचित करेंगे। मुझे लगता है कि दोनों पार्टी के नेतृत्व को जिम्मेदार व्यवहार औ? बयान रखना चाहिए। यही सबके हित में है और देश की जनता भी यही चाहती है। सपा के पांच उम्मीदवारों की पहली सूची पर उन्होंने कहा कि सीटों की घोषणा तो कभी भी की जा सकती है लेकिन अभी उससे बचना चाहिए।

अभी बातचीत का दौर जारी है और मैं उम्मीद करता हूं कि सब कुछ सही हो जाएगा। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद पर उन्होंने कहा कि उनकी नाराजगी अपनी जगह सही है, क्योंकि वो वहां के सांसद हैं। किंतु पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एक सम्मानजनक निर्णय पर पहुंचेगा।

विकसित भारत 2047 का सपना कैसे होगा साकार?

पीएम मोदी ने बताया रोडमैप, छह स्तंभों पर जोर

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि विकसित भारत 2047 यात्रा मजबूत सुधारों और मुख्य क्षेत्रों में निवेश से आकार ले रही है। पीएमओ इंडिया ने एक्स पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर. मुकुंदन के एक लेख का जिक्र किया। इसमें उन्होंने बताया कि कैसे बुनियादी ढांचे में निवेश, जीएसटी, डिजिटल सार्वजनिक ढांचे, कॉर्पोरेट कर (टैक्स) में सुधार, पीएलआई



योजनाओं और व्यापार समझौतों के जरिये विकास की नींव रखी गई है।

पोस्ट में आगे कहा कि भारत की आर्थिक क्षमता को स्थायी समृद्धि में बदलने के लिए सरकार और उद्योग जगत को 'टीम भारत' के रूप में मिलकर काम करना चाहिए। आर. मुकुंदन ने एक प्रमुख वित्तीय दैनिक समाचार पत्र में एक लेख लिखा। इसमें उन्होंने कल्पना की है कि अगस्त 2047 में, भारत की स्वतंत्रता के 100वें वर्ष पर, सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के अध्यक्ष क्या लिखेंगे। साथ ही, उन्होंने एक 'विकसित भारत' तक पहुंचने के लिए जरूरी रोडमैप भी पेश किया है।

मुकुंदन भारत को एक उच्च-आय वाले देश के रूप में देखते हैं, जहां मैन्युफैक्चरिंग का कुल उत्पादन में 25 प्रतिशत योगदान हो, औपचारिक रोजगार और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़े, और भारतीय कंपनियां सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा तथा फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी हों।

विकसित भारत का रोडमैप किन स्तंभों पर टिका है?

इस रोडमैप में मुख्य स्तंभ बताए गए हैं। इसमें कंपनियों को कुछ अहम सुझाव दिए गए हैं।

- मांग बढ़ने का इंतजार करने के बजाय कंपनियां पहले ही अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाएं।
- आयात या सरकार के स्थायी संरक्षण पर निर्भर न रहें।
- देश के भीतर अनुसंधान और विकास को मजबूत करें।
- कारोबार को आसान बनाने तक ही सीमित न रहें।
- राज्यों में सुधारों के जरिये काम की गति बढ़ाएं।

अभी भारत की आर्थिक स्थिति क्या है?

वर्तमान आर्थिक पैमानों का जिक्र करते हुए, मुकुंदन ने कहा कि 2025 तक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) 2,760 डॉलर थी, विनिर्माण का जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) में योगदान लगभग 15 प्रतिशत था, और आरएंडडी (अनुसंधान और विकास) पर खर्च जीडीपी का 0.84 प्रतिशत था।

किन क्षेत्रों में भारत ने हासिल की उपलब्धियां?

लेख में आगे बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में स्मार्टफोन भारत का सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद बन गए। इस दौरान सेमीकंडक्टर से जुड़ी 12 परियोजनाओं को मंजूरी मिली, गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता 300 गीगावाट के पार पहुंच गई, और अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच घोषित 26.6 लाख करोड़ की परियोजनाओं में 86 प्रतिशत निवेश निजी क्षेत्र से आया।

आर्थिक विकास में किन सुधारों की रही भूमिका?

इसमें आगे कहा कि जीएसटी सुधारों, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, बुनियादी ढांचे में निवेश और पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजनाओं की मदद से भारत की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत के स्तर पर बनी रही।

इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियनः दो दशक की खींचतान खत्म करने की पहल

नई दिल्ली। इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) में दो दशक से चला आ रहा विवाद खत्म कर संगठन को एकजुट करने की कवायद शुरू हो गई है। तीन गुटों में बंटे संगठन के बीच असली-नकली की लड़ाई को लेकर विभिन्न अदालतों में दर्जनों मुकदमे चल रहे हैं। इस विवाद के चलते संगठन में लंबे समय से खींचतान जारी है।
इसी बीच इंटक के दोनों प्रमुख गुटों ने एक संगठन में विलय का फैसला किया है। इसके लिए 28 और 29 नवंबर को नई दिल्ली के डॉ.अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय विलय सम्मेलन-2026 आयोजित होगा। इसमें दोनों गुटों का एक संगठन के रूप में विलय किया जाएगा। इसके बाद 29 नवंबर को संयुक्त इंटक की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक होगी। इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के.एन.त्रिपाठी ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि दोनों गुट एक मंच पर साथ आ रहे है। सारे मतभेदों को भुलाकर,मजदूरों की आवाज को फिर से मजबूत और एकजुट बनाने के लिए दोनों गुटों ने विलय का निर्णय लिया है।

कलबुर्गी रैली में राहुल गांधी पर बरसे राजनाथ, 'राजनीति सत्ता नहीं, राष्ट्र निर्माण का जरिया'

एजेंसी, कलबुर्गी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कलबुर्गी में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष और खासकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण होना चाहिए। राजनाथ सिंह ने भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता मिटाओ' रैली में कहा कि वे कलबुर्गी संविधान की रक्षा का संकल्प लेकर आए हैं।

कांग्रेस पर अराजकता और सत्ता परिवर्तन के आरोप

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोटों के जरिए नहीं, बल्कि हिंसा और अराजकता के रास्ते सत्ता में बदलाव चाहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा कि अराजकता से सत्ता परिवर्तन नहीं हो सकता। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि कांग्रेस भारतीय लोकतंत्र को निशाना बनाने के लिए विदेशियों को आमंत्रित कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हर जगह खारिज की जा रही है, जिसे राहुल गांधी पचा नहीं पा रहे हैं।

राहुल गांधी पर राजनाथ सिंह का तंज



राजनाथ सिंह ने कहा कि जब कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सभी रणनीतियां विफल हो गई हैं, तो वे कह रहे हैं कि मोदी ऐसे नहीं जाएंगे और अब यहां सत्ता परिवर्तन होना चाहिए।

राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अराजकता, अशांति और रक्तपात फैलाकर सरकार बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कई पड़ोसी देशों में इस तरह सत्ता परिवर्तन हुआ है, लेकिन क्या कांग्रेस वैसी ही अराजकता फैलाकर यहां सरकार बनाना चाहती है? राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र इतना कमजोर नहीं है कि सड़कों पर हंगामा करने से कमजोर हो जाए। उन्होंने कहा कि देश में सत्ता केवल और केवल वोटों से बदलती है, अराजकता से नहीं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सत्ता और कुर्सी की जिद में कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की गलतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहली भूल (1975): इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल (इमरजेंसी) लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा जाना। दूसरी भूल (1984): कांग्रेस के संरक्षण में सिख भाइयों और बहनों का खुलेआम नरसंहार। तीसरी भूलः आज संविधान, संवैधानिक मूल्यों और संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश।

ईवीएम और चुनाव आयोग पर भी बोले राजनाथ

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठा रही है, जबकि उनके समय में भी ईवीएम मौजूद थीं। उन्होंने चुनौती दी कि चुनाव किसी भी तरीके से करा लिए जाएं, भारत में सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए और भाजपा की ही बनेगी। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस के शासन में भी भाजपा ने जीत हासिल की थी और जब मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कांग्रेस के शासनकाल में ही हुई थी।

कश्मीरः घाटी में आतंक की जड़ें उखड़ीं, अब पाकिस्तान से आए 65 आतंकियों की तलाश में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में स्थानीय आतंकियों के सफाए के बाद अब सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान से आए विदेशी आतंकियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। केंद्र शासित प्रदेश में करीब 65 विदेशी आतंकी सक्रिय हैं जिनमें अधिकांश लश्कर-ए-ताइबा और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े हैं। इन आतंकियों की तलाश में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां मिलकर अभियान चला रही हैं। 65 विदेशी आतंकियों में से 35 लश्कर-ए-ताइबा और 25 जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं जबकि बाकी अन्य प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से संबंधित हैं। इन आतंकियों की मौजूदगी विभिन्न खुफिया एजेंसियों के इनपुट से सामने आई है। हालांकि उनकी संख्या और ठिकाने लगातार बदलते रहते हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार कश्मीर घाटी में लश्कर के अंतिम सक्रिय स्थानीय आतंकी लतीफ भट के 18 नवंबर को कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान मारे जाने के बाद अब कोई स्थानीय आतंकी सक्रिय सूची में दर्ज नहीं है। लतीफ भट को आठ दिन तक चले तलाशी अभियान के बाद सुरक्षाबलों ने मार गिराया था।

जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकियों की संख्या 2024 में 91 थी, जिसमें स्थानीय और विदेशी दोनों शामिल थे। अब यह संख्या घटकर करीब 65 रह गई है जिसमें केवल पाकिस्तानी विदेशी आतंकी शामिल हैं। स्थानीय आतंकियों का खत्म होना सुरक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव माना जा रहा है लेकिन पाकिस्तान से आए आतंकी अब भी जम्मू संभाग के कुछ इलाकों में सक्रिय हैं।

विदेशी आतंकियों की मौजूदगी खास तौर पर पुंछ, राजोरी, किश्तवाड़ और डोडा के दुर्गम इलाकों में देखी जा रही है।

सपा-कांग्रेस में शह और मात देने की राजनीति, राहुल गांधी एक नाकाम रॉकेटः योगी

एजेंसी, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।

सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर तंज, एनडीए में कोई विवाद नहीं



समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग एनडीए की एकजुटता को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

राम भक्तों से समाजवादी पार्टी को माफी मांगनी चाहिए

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है। भाजपा की राजनीति किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है।

2017 से पहले बीमारू था यूपी, अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन

प्रदेश की बदली छवि पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य, गुंडागर्दी, अराजकता और उपद्रव से ग्रसित प्रदेश के रूप में देखा जाता था। व्यवस्था अनिर्णय की शिकार थी। गरीब कल्याण, युवाओं के रोजगार, किसानों के सम्मान और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियां थीं। व्यापारी भयभीत थे और निवेशक प्रदेश में आने से कतराते थे। मार्च 2017 में मिली जिम्मेदारी के बाद सरकार ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया। आज प्रदेश में लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने, अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय को लगभग तीन गुना करने तथा बजट को तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता मिली है। महिला कार्यबल की भागीदारी भी तीन गुना से अधिक बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है। सात शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। प्रदेश में 17 क्रियाशील एयरपोर्ट हैं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन और देश की पहली रैपिड रेल भी यूपी की नई पहचान हैं। वाराणसी में देश की पहली रोपवे सेवा भी जल्द शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की संकीर्ण सोच के कारण प्रदेश में निवेश का माहौल नहीं बन पाया। उस समय कई क्षेत्रों में अवैध कट्टा और बम बनाने की गतिविधियां चलती थीं। आज उसी उत्तर प्रदेश में आधुनिक रिवॉल्वर, राइफल और ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। यह कानून-व्यवस्था में सुधार और औद्योगिक विकास के बीच बने संबंध का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 36 सेक्टोरल पॉलिसीज के माध्यम से निवेशकों को अवसर दिए जा रहे हैं। करीब 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।
एमएसएमई सेक्टर को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से नई पहचान मिली है। इस क्षेत्र के जरिए करीब सवा तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। विपक्ष के इस आरोप पर कि वर्तमान सरकार पिछली सरकारों की परियोजनाओं का उद्घाटन कर श्रेय ले रही है, मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि पिछली सरकारों ने काम किया था तो उन्हें उद्घाटन करने का अवसर क्यों नहीं मिला?

एसआईआरः आगरा प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में शामिल, 28 व 29 को चलेगा विशेष अभियान

टीएनएफ टुडे, आगरा।



अर्हता तिथि एक जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मंडलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर नगेंद्र प्रताप की उपस्थिति तथा जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति, दावे और आपत्तियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में जानकारी दी गई कि 1 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक जिले में कुल 55,678 फॉर्म-6 (नए मतदाता पंजीकरण) भरे जा चुके हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि फॉर्म प्राप्ति के मामले में आगरा उत्तर प्रदेश के शीर्ष पांच जनपदों में शामिल है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे दो दिन के भीतर बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की अद्यतन सूची उपलब्ध कराएं और सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर (शनिवार) और 29 नवंबर (रविवार) को विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें युवाओं, महिलाओं और छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विधानसभावार फॉर्म-6 भरवाने को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही कम फॉर्म प्राप्त होने वाले बूथों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर नगेंद्र प्रताप ने दलों से जनपद के सभी 3,849 बूथों पर बीएलए तैनात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटरों पर नियमित कार्यक्रम चल रहे हैं और जिले की सभी तहसीलों में 36 हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। स्लम और झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में पात्र लोगों को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी आवेदक का फॉर्म निरस्त होता है, तो वह जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है।

बैठक में भाजपा के जिला महामंत्री सत्यप्रकाश लोधी व महानगर महामंत्री महेश शर्मा, सपा जिलाध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाह, महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास व इमरान अब्बास, बसपा जिला उपाध्यक्ष संदीप मुखरैया, कांग्रेस से सचिन ऋषि व मोहित यादव, सीपीआई (एम) से रामनाथ शर्मा, आम आदमी पार्टी से सिद्धार्थ चतुर्वेदी सहित सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बिचपुरी कृषि विज्ञान केंद्र में आज सजेगा एग्रोक्लाइमेटिक मेला

आगरा। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण और कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार, 26 नवंबर को कृषि विज्ञान केंद्र, बिचपुरी में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी और एक दिवसीय एग्रोक्लाइमेटिक मेले का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों को स्थानीय जलवायु के अनुकूल उन्नत फसल प्रजातियों, आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रमाणित बीजों, प्राकृतिक खेती और फसल सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी देंगे।

उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि मेले में कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी कृषकों को अवगत कराया जाएगा, ताकि वे इनका सीधा लाभ उठा सकें। उन्होंने जनपद के समस्त किसानों, कृषक उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गोष्ठी और मेले को सफल बनाने की अपील की है।

डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर पर मिल रहा मतदाताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान

172 नागरिकों की जिज्ञासाओं का हुआ निस्तारण

- टोल फ्री नंबर 1950 व हेल्पलाइन नंबरों पर एक कॉल से पाएं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और बीएलओ से जुड़ी जानकारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी समस्याओं का सरल और सुगम समाधान उपलब्ध कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा संचालित 'डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर' सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों और जिज्ञासाओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, 17 नवंबर से 25 नवंबर 2026 के बीच डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर पर कुल 172 कॉल प्राप्त हुईं। इन सभी कॉलों पर संबंधित नागरिकों को निर्वाचन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देने के साथ ही उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान कराया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी नागरिक को मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाना या कटवाना हो, नाम, पता या जन्मतिथि में किसी प्रकार का संशोधन कराना हो अथवा अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) या निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी कोई अन्य जानकारी चाहिए, तो वे घर बैठे ही कॉन्टैक्ट सेंटर की सेवा ले सकते हैं।

प्रशासन ने जनपद के मतदाताओं से अपील की है कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, शिकायत या समाधान के लिए वे टोल फ्री नंबर 1950 अथवा लैंडलाइन हेल्पलाइन नंबर 0562-2250170, 0562-2971483 और 0562-2971983 पर संपर्क कर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

यूथ हॉस्टल में आयोजित पीपीटी राउंड में युवाओं ने प्रस्तुत किए अपने विचार

टीएनएफ टुडे, आगरा।



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार बुधवार को यूथ हॉस्टल में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी)-2027' के अंतर्गत जनपद स्तरीय चैलेंज ट्रैक (पीपीटी राउंड) का आयोजन किया गया। इसमें जानवी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इससे पूर्व निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों ने इस जनपद स्तरीय चैंपियनशिप में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के जरिए अपने विचार और नवाचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल (ज्यूरी) द्वारा किए गए मूल्यांकन और प्राप्त अंकों के आधार पर शीर्ष छह प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जो अब आगामी चरण में आगरा जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चयनित विजेताओं में जानवी शर्मा प्रथम, जतिन मणि द्वितीय, गुहान मल्होत्रा तृतीय, ज्योति राजपूत चतुर्थ, सोनल अग्रवाल पंचम और पायल चौधरी छठे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के समापन पर जिला युवा अधिकारी श्रवण कुमार सहगल और जिला युवा कल्याण अधिकारी बृजेंद्र कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेत्रपाल सिंह, प्रोफेसर डॉ. सुमित चंद्रा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी वरुण कुमार और रवि अरेला आदि उपस्थित रहे।

सुभाष बाजार की जर्जर दुकानें हटेंगी

मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने की विकास कार्यों व निवेश परियोजनाओं की समीक्षा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



आयुक्त सभागार में बुधवार को मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं, औद्योगिक क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

उद्योग व स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में मंडल के लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 74 प्रतिशत स्वीकृति और 61 प्रतिशत वितरण हुआ है। ओडीओपी वित्त पोषण सहायता योजना में मंडल ने शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है, हालांकि फिरोजाबाद में वितरण गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में मथुरा और फिरोजाबाद की प्रगति सुधारने को कहा गया। निवेश प्रस्तावों (एमओयू) की स्थिति पर अवगत कराया गया कि लगभग 568 एमओयू ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के लिए तैयार हैं, जिनमें से 443 इकाइयां क्रियाशील हो चुकी हैं। वहीं, निवेश मित्र पोर्टल पर समयसीमा के बाद लंबित फिरोजाबाद व मथुरा के दो-दो तथा मैनपुरी के दस प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी और रखरखाव

यूपीसीडा द्वारा अधिक कर वसूले जाने और पर्याप्त मशीनरी व मैनपावर न होने के मुद्दे पर मंडलायुक्त ने विकसित औद्योगिक क्षेत्रों का रखरखाव पुनः नगर निगम आगरा को सौंपने के लिए मुख्यालय से पत्राचार करने के निर्देश दिए। सिकंदरा औद्योगिक क्षेत्र में पेड़ों के कटान की एनओसी न मिलने से अटके आरसीसी नाला निर्माण पर नगर निगम के मुख्य अभियंता को उद्यमियों के साथ निरीक्षण कर बिना पेड़ काटे नाला निर्माण की संभावना तलाशने को कहा गया। नुनिहाई में जल निकासी के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी होने की जानकारी दी गई, जबकि उपायुक्त उद्योग को रेलवे का वे-लीव शुल्क जमा कराने के निर्देश दिए गए। फाउंड्री नगर में पार्क सौंदर्यीकरण और फुटपाथ निर्माण के लिए शासन से शीघ्र स्वीकृति लेने तथा सिकंदरा के नालों की नियमित सफाई के लिए नगर निगम व सिंचाई विभाग को समन्वय बनाने को कहा गया।

बिजली, पार्किंग और बाजारों की समस्या पर सख्ती

सिकंदरा और बोदला-बिचपुरी औद्योगिक क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए फीडर सुधार कार्य तेज करने और मेट्रो खुदाई से कटी भूमिगत केबल को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। सुभाष बाजार में संभावित हादसों को रोकने के लिए जर्जर दुकानों व अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने और दुकानों को शिफ्ट करने को कहा गया। संजय प्लेस में रिक्त दुकानों के आवंटन और पार्किंग समस्या के समाधान के लिए एडीए उपाध्यक्ष को उद्यमियों के साथ अलग से बैठक करने के निर्देश दिए गए।

सड़क से हटेंगे बाधक ट्रांसफॉर्मर

बैठक में यातायात में बाधक बन रहे ट्रांसफॉर्मरों को हटाने का निर्णय भी लिया गया। एनएच-2 की सर्विस लेन पर बजाज शू फैक्ट्री के पास सड़क पर लगे ट्रांसफॉर्मर को वैकल्पिक भूमि तलाश कर शिफ्ट करने के लिए एनएचएआई को निर्देशित किया गया। इसके अलावा उद्यमियों की मांग पर आरबीएस कॉलेज चौराहे पर जाम का कारण बन रहे टोरंट पावर के ट्रांसफॉर्मर को भी स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। फतेहाबाद रोड पर मेट्रो स्टेशन से ताज ईस्ट गेट तक नगर निगम द्वारा 15 पार्किंग स्थल संचालित करने की कार्यवाही की जानकारी भी साझा की गई।

भांजे की बारात में जाते समय भाकियू जिलाध्यक्ष पर हमले का आरोप

फतेहाबाद। पुरानी रंजिश के चलते भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद के जिलाध्यक्ष ने भांजे की बरात में जाते समय अपने सगे छोटे भाई पर तमंचा तानकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव कुकथरी निवासी कृष्णा ओझा पुत्र केशव ओझा ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद का जिलाध्यक्ष है। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह बाइक से अपने भांजे की बरात में शामिल होने थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव रिहावली जा रहा था। गांव से करीब 500 मीटर पहले रास्ते में उसका छोटा भाई दो अन्य साथियों के साथ खड़ा मिला। आरोप है कि उन्होंने बाइक रुकवा ली और छोटे भाई ने तमंचा तानकर उसके साथ मारपीट की। किसी तरह बचकर भागने के बाद उसने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी भाई अपने साथियों के साथ मौके से भाग गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। वहीं कृष्णा ओझा ने बताया कि एक साल पहले छोटे भाई ने उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चलती एंबुलेंस में गूंजी नवजात की किलकारी, ईएमटी ने कराया सुरक्षित प्रसव

सैंया। प्रसूता को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेंस में तैनात ईएमटी ने आशा कार्यकर्ता के सहयोग से सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसूता ने कन्या को जन्म दिया। एंबुलेंस में बच्ची की किलकारी गूजने से परिजनों में खुशी छा गई। जानकारी के अनुसार, गांव दनकसा निवासी राहुल की पत्नी प्रियंका (26) को बुधवार दोपहर करीब 1:15 बजे दूसरे प्रसव के लिए 102 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सैंया ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस को पायलट हरिओम चला रहे थे। गांव से करीब दो किलोमीटर दूर पहुंचने पर प्रियंका को अचानक तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस में तैनात ईएमटी संजीव कुमार ने आशा कार्यकर्ता सरिता के सहयोग से एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। प्रियंका ने एक कन्या को जन्म दिया।

मातृत्व दिवस पर 70 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, 9 हाई रिस्क गर्भवती चिन्हित

सैंया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सैंया पर आयोजित मातृत्व दिवस के अवसर पर 70 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें लाभान्वित किया गया। इस दौरान जांच में 9 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क श्रेणी में चिन्हित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अतुल कुमार भारती की अध्यक्षता में आयोजित मातृत्व दिवस शिविर में गर्भवती महिलाओं की सीबीसी, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांचें निःशुल्क की गईं। जांच के दौरान हाई रिस्क श्रेणी में मिली 9 गर्भवती महिलाओं को आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉ. नवनीत कुमार, सुनील तिवारी, राकेश चाहर, स्टाफ नर्स लक्ष्मी देवी, वीना नागपाल, सतीश चंद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

बाइक फिसलने से चालक घायल, सीएचसी सैंया में कराया उपचार

सैंया। इरादत नगर-सैंया मार्ग पर सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गडसान निवासी मुंशीलाल (40) बुधवार को अपनी बाइक से मोहनपुर से गडसान जा रहे थे। इसी दौरान रजपुरा पर सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सैंया पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

ताजनगरी में आज से जुटेंगे सात राज्यों के दिग्गज

जल जीवन मिशन 2.0' पर होगा दो दिवसीय क्षेत्रीय मंथन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस), भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार, 26 नवंबर से ताजनगरी में दो दिवसीय 'रीजनल कॉन्फ्रेंस' (क्षेत्रीय सम्मेलन) का आयोजन किया जा रहा है। होटल ताज में 26 और 27 नवंबर को होने वाले इस सम्मेलन में देश के सात उत्तरी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जल जीवन मिशन 2.0 की प्रगति और भविष्य की रणनीतियों पर मंथन करेंगे।

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) जुबेर बेग ने बताया कि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल तथा उत्तर प्रदेश के जल शक्ति एवं नमामि गंगे मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

सम्मेलन के पहले दिन (26 नवंबर) विभिन्न राज्यों द्वारा अपने कार्यों का प्रस्तुतीकरण और योजनाओं की समीक्षा की जाएगी, जबकि दूसरे दिन (27 नवंबर) क्षेत्र भ्रमण (फील्ड विजिट) और समापन सत्र आयोजित होगा। इस दौरान मुख्य रूप से जल जीवन मिशन 2.0 की प्रगति, बहु-ग्रामीण पेयजल योजनाओं (मल्टी-विलेज स्कीम्स) और जल स्रोतों की दीर्घकालिक स्थिरता जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 1-2 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था। इसके बाद 16वें वित्त आयोग के अनुदान, नल जल मित्रों व सुजलम शक्ति समूहों के कौशल विकास और ग्राम पंचायत आधारित जल प्रबंधन जैसे विषयों पर चार वर्चुअल सम्मेलन हुए। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए राज्यों के बीच समन्वय, जवाबदेही और श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों के आदान-प्रदान के उद्देश्य से आगरा में यह क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठकः लापरवाही पर पांच बीडीओ का वेतन रोका जाएगा

फैमिली आईडी निर्माण में धीमी प्रगति पर डीएम मनीष बंसल ने जताई नाराजगी; बटेश्वर की योजनाओं को पूरा करने के निर्देश

टीएनएफ टुडे, आगरा।



सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों और निर्माण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं और विभागों के प्रदर्शन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में 'डी' श्रेणी मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। पोर्टल पर डाटा अपलोड न करने और कार्य में शिथिलता पर उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को फटकार लगाई तथा प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार टेल फीडिंग, रजवाह और नहरों की सिल्ट सफाई जैसे कार्यों में जनपद की 'डी' श्रेणी आने पर नाराजगी जताते हुए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को भी प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिए गए।

फैमिली आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सबसे कम प्रगति वाले पांच ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) का वेतन रोकने और उनसे स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। वहीं, निर्माण कार्यों की समीक्षा में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की रिपोर्ट ली गई। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की चार परियोजनाएं पूरी होने के बावजूद संबंधित विभागों को हैंड ओवर न किए जाने पर अधिशासी अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण) को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बटेश्वर में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए इन्हें समयबद्ध पूरा करने को कहा। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण करें, गुणवत्ता बनाए रखें और अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग सुधारने के लिए जिन योजनाओं में प्रगति कमजोर है, उनमें विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में सीडीओ अमित कुमार, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी खगेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव, डीडी पीआरडीए रेणु कुमारी, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राघवेंद्र वर्मा व जीके वार्ष्णेय, उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार और जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

पुराने बकाया कर पर 'ब्याज माफी योजना-2026' से व्यापारियों को बड़ी राहत

टीएनएफ टुडे, आगरा।

पुराने बकाया कर के मामलों में व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई 'ब्याज माफी योजना-2026' की जानकारी देने के लिए राज्य कर विभाग, आगरा के सेक्टर-3 एवं 4 द्वारा संयुक्त रूप से नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए राज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त ए.के. सिंह, उपायुक्त जितेंद्र कुमार और सत्येंद्र कुमार ने योजना के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिकारियों ने बताया कि 16 अक्टूबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक प्रभावी इस योजना के अंतर्गत 31 दिसंबर 2025 तक सृजित कर की मांग को शामिल किया



गया है। योजना का लाभ लेने के लिए व्यापारी को मूल कर की पूरी धनराशि जमा करनी होगी, जिसके बाद उस पर आरोपित अर्थदंड (पेनल्टी) में 100 प्रतिशत माफी का प्रावधान है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मूल कर बकाया की राशि के आधार पर ब्याज में 50 से 100 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके तहत 10 लाख रुपये तक के मूल कर बकाया पर 100 प्रतिशत ब्याज माफ होगा। इसी प्रकार एक करोड़ रुपये तक के बकाया पर 90 प्रतिशत, पांच करोड़ रुपये तक के बकाया पर 75 प्रतिशत और पांच करोड़ रुपये से अधिक के मूल कर बकाया पर 50 प्रतिशत ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी।

संयुक्त आयुक्त ए.के. सिंह ने व्यापारियों से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। वहीं, व्यापारियों ने इस कदम के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए इसे उद्योग व व्यापार जगत के लिए बड़ी राहत बताया। शिविर में नेशनल चैंबर के अध्यक्ष मनोज कुमार बंसल, जीएसटी सेल चेयरमैन सुनील सिंघल, पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय अरोरा, सचिन सारस्वत, अर्पण मित्तल और शिवकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper

हाथीघाट पर काशी की तर्ज पर सजी देव दीपावली, हजारों दीपों से जगमगाया यमुना तट



टीएनएफ टुडे, आगरा।

- वीर शहीदों की स्मृति में प्रज्वलित किए गए आकाशदीप; यमुना आरती, रंगोली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

यमुना शुद्धिकरण जन चेतना अभियान के तहत कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हाथीघाट स्थित यमुना आरती स्थल पर काशी की तर्ज पर देव दीपावली एवं आकाशदीप महोत्सव आयोजित किया गया। हजारों दीपों की रोशनी से यमुना तट जगमग हो उठा, वहीं अमर शहीदों की याद में आकाशदीप जलाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गुरु वशिष्ठ मानव सर्वांगीण विकास सेवा समिति के तत्वावधान में 20 से 24 नवंबर तक चले पंच दिवसीय महोत्सव का मुख्य आयोजन 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा की शाम को हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत 'आओ यमुना मां के आंचल को सजाएं' अभियान के अंतर्गत रंगोली और चित्रांकन गतिविधियों से हुई, जिसके माध्यम से पर्यावरण और सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में दीपक और आकाशदीप प्रज्वलित किए, यमुना पूजन किया और दिव्य महाआरती में भाग लिया।

आयोजन के दौरान शहीदों के परिजनों सहित उपस्थित लोगों ने राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों की स्मृति में आकाशदीप जलाकर उनके बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम संयोजक एवं यमुना सत्याग्रही पं. अश्विनी कुमार मिश्र ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति व सनातन मूल्यों से जोड़ने के साथ ही यमुना की स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जनचेतना जागृत करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन कथा वाचिका प्रिया किशोरी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय सामा तथा विशिष्ट अतिथियों में मजिस्ट्रेट मुकेश शर्मा, वीर बहादुर सिंह, डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ, डॉ. शीतल शर्मा, डीजीसी अशोक चौबे, विशाल रायजादा और हिमांशु सचदेवा मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में आचार्य गोविंद दुबे, मिथिलेश सिंह, पीके गुप्ता, गोवर्धन सोनेजा, डॉ. धीरज मोहन सिंघल, सुधीर पचौरी, राजेश सिंह, अनुपम धूमस, राजेश अग्रवाल, विष्णु कुमार शाह, प्रमोद शर्मा, राम भरत उपाध्याय, मान बहादुर सिंह, प्रदीप पाठक, कृष्ण शर्मा, एडवोकेट रवि चौबे, हरिश्चंद्र मित्तल, अनिल अग्रवाल, अनुराधा गुप्ता, रिंकी गुप्ता, उर्मिला अग्रवाल और सुमन चौहान सहित आयोजक मंडल के सदस्यों का सहयोग रहा।



सीएचसी, आम सेंटर व सवाई में पल्स पोलियो टीम का निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, एत्मादपुर।

अपर निदेशक डॉ. मंजू सचान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एत्मादपुर, आम सेंटर व सवाई में पल्स पोलियो अभियान की टीमों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक ने पल्स पोलियो बूथों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाए जाने की स्थिति, टीमों की उपस्थिति, वैक्सीन का रख-रखाव, कोल्ड चेन व्यवस्था एवं रिकॉर्ड रजिस्टर की जांच की। उन्होंने सभी टीमों को निर्देश दिए कि कोई भी 0 से 5 वर्ष तक का बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर पोलियो की खुराक पिलाई जाए।

इस अवसर पर अपर निदेशक डॉ. मंजू सचान ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि पल्स पोलियो अभियान राष्ट्रीय महत्व का अभियान है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी टीमें पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान अवधेश कुमार, डॉ. अमित अग्रवाल, ब्लॉक मलेरिया इंचार्ज अभितांशु नारायण, मयंक रावत, संतोष तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहै।

राजामंडी बाजार में अतिक्रमण अभियान पर बवाल

व्यापारियों ने नगर निगम टीम पर लगाए मारपीट व अभद्रता के आरोप

- बोर्ड हटाने को लेकर शुरू हुई तीखी नोकझोंक; पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के विरोध में रोते हुए दुकानदार ने सुनाई आपबीती, वीडियो वायरल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



राजामंडी बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को बुधवार को व्यापारियों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। दुकानों के बाहर लगे बोर्ड हटाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। दुकानदारों ने नगर निगम कर्मचारियों पर चुनिंदा दुकानों को निशाना बनाने तथा विरोध करने पर मारपीट और अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला गरमा गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों और व्यापारियों के अनुसार, नगर निगम की टीम राजामंडी बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी और दुकानों के बाहर लगे बोर्ड हटाने लगी। इस पर कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई के तरीके पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि अभियान चलाना है, तो पूरे बाजार में सभी दुकानों पर एक समान कार्रवाई की जाए। दुकानदारों का आरोप है कि टीम भेदभावपूर्ण तरीके से चुनिंदा दुकानों पर ही कार्रवाई कर रही थी।

इसी बात को लेकर कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई और बाजार में हंगामे की स्थिति बन गई। विवाद के दौरान एक दुकानदार भावुक हो गया और रोते हुए अपनी आपबीती सुनाने लगा। उसने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर कर्मचारियों ने उसके साथ अभद्रता और मारपीट की। दुकानदार की स्थिति देखकर मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई।

व्यापारियों का कहना है कि वे अतिक्रमण हटाने के विरोधी नहीं हैं, लेकिन प्रशासन को निष्पक्षता और नियमों के तहत संवाद स्थापित कर कार्रवाई करनी चाहिए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दुकानदार टीम की कार्रवाई का विरोध करते और नोकझोंक करते दिखाई दे रहे हैं। व्यापारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मारपीट के आरोपों पर नगर निगम प्रशासन के आधिकारिक पक्ष और आगे की कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

ताजगंज पुलिस ने पकड़ा वाहन चोर गिरोह

नौ वाहन, 60 किलो बाइक के पुर्जे, पांच चाबियां व 2,270 रुपये बरामद

टीएनएफ टुडे, आगरा।



ताजगंज थाना पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और तीन बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के पास से चोरी की आठ बाइक और एक स्कूटी समेत कुल नौ वाहन, करीब 60 किलोग्राम बाइक के पुर्जे, पांच चाबियां और 2,270 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, गिरोह के सदस्य मॉल, मेट्रो स्टेशन, बाजार और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़े वाहनों की रेकी करते थे। मौका देखकर मास्टर चाबी से लॉक खोलते और कुछ ही पलों में वाहन लेकर फरार हो जाते थे। चोरी के वाहनों को कुछ समय के लिए सुनसान जगहों या परिचितों के पास छिपाकर रखा जाता था और माहौल शांत होने पर उन्हें बेचा जाता था। इसके अलावा कुछ बाइकों को खोलकर उनके पुर्जे अलग-अलग कर बेचने की तैयारी भी की जाती थी।

बुधवार को अपर नगर पुलिस आयुक्त कार्यालय में डीसीपी रविंद्र कुमार जब इस खुलासे की जानकारी दे रहे थे, तभी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक घटनाक्रम ने सबका ध्यान खींचा। मीडिया के सामने लाए गए आरोपियों में शामिल अजय नाम का युवक अचानक रोने लगा और हाथ जोड़कर खुद को बेगुनाह बताने लगा। उसने दावा किया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है और घटना के समय लाइब्रेरी में पढ़ रहा था, जहां से पुलिस उसे उठा लाई। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के दावों और पूरे प्रकरण में उसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध ट्रांस यमुना, जीआरपी और ताजगंज थानों में वाहन चोरी से जुड़े मुकदमे दर्ज हैं। अब पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े मैकेनिकों, पुराने वाहन कारोबारियों तथा अन्य जिलों या राज्यों में फैले संपर्कों की पड़ताल कर रही है। साथ ही बरामद नौ वाहनों के वास्तविक स्वामियों का पता लगाकर संबंधित मुकदमों से मिलान किया जा रहा है।

विधानसभा चुनाव-2027: अवैध नकदी, शराब और संदिग्ध डिजिटल लेन-देन पर रहेगी पैनी नजर

टीएनएफ टुडे, आगरा।



- डीएम मनीष बंसल ने ली डीआईसी की बैठक
- जिले की सभी नौ विधानसभाओं में व्यय संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित करने के निर्देश

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजेंस कमेटी (डीआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों और मतदाताओं को प्रलोभित करने के प्रयासों पर सख्ती से अंकुश लगाने की रणनीति तैयार की गई।

जिलाधिकारी ने जिले के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में व्यय की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख बिंदुओं को चिह्नित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध नकदी, शराब, मादक पदार्थों, बहुमूल्य धातुओं व आभूषणों सहित अन्य प्रलोभन सामग्री के परिवहन, भंडारण और वितरण पर प्रभावी रोक लगाई जाए। इसके लिए पुलिस, आबकारी, आयकर, जीएसटी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियां आपसी समन्वय से कार्य करें और खुफिया सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान सुनिश्चित करें।

बैठक में विगत विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान हुई जब्ती, शिकायतों और घटनाओं की रिपोर्ट तलब करते हुए उनके आधार पर संवेदनशील स्थानों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने पुलिस विभाग को सभी थाना और चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर उन्हें सक्रिय करने तथा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को निगरानी के लिए सतर्क करने को कहा।

इसके अतिरिक्त बैंकों में असामान्य नकदी जमा-निकासी और संदिग्ध डिजिटल वित्तीय लेन-देन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। चिह्नित संवेदनशील स्थानों पर फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टैटिक सर्विलांस टीमों के माध्यम से निगरानी रखने तथा मतदान से पूर्व के अंतिम 72 घंटों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान, मुख्य कोषाधिकारी वरुण खरे, जिला आबकारी अधिकारी कृष्णपाल सिंह, जीएसटी के संयुक्त आयुक्त मृत्युंजय सिंह, एलडीएम ऋषिकेश बनर्जी और आयकर विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलेगा अनुदान, कल से शुरू होगी ऑनलाइन बुकिंग

आगरा। जनपद के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ देने के लिए कृषि विभाग द्वारा ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन तथा फसल अवशेष प्रबंधन (इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू) योजनाओं में कृषि यंत्रों व कृषि रक्षा उपकरणों पर सब्सिडी के लिए गुरुवार, 26 नवंबर को सुबह 11 बजे से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2026 (रात्रि 12 बजे तक) निर्धारित की गई है।

विभागीय जानकारी के अनुसार, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत 10 लाख रुपये परियोजना लागत वाले कस्टम हायरिंग सेंटर और अन्य एकल कृषि यंत्रों पर अनुदान मिलेगा। वहीं, फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत एकल कृषि यंत्रों के साथ-साथ 30 लाख रुपये परियोजना लागत वाले कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

इच्छुक किसान कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर 'किसान कॉर्नर' के अंतर्गत 'यंत्र बुकिंग प्रारंभ' लिंक पर क्लिक कर जनपदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यंत्रों का विस्तृत विवरण, बुकिंग और अनुदान प्रक्रिया से जुड़ी समस्त जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसी भी अन्य सहायता या जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

तंबाकू के दुष्प्रभावों से रूबरू हुए छात्र

आगरा में टीएफवाईसी 4.0 के तहत चला जागरूकता अभियान

- टीएफवाईसी 4.0 के तहत विद्या रानी इंटर कॉलेज में छात्रों और शिक्षकों को किया गया जागरूक, स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन
- कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को किया गया तंबाकू मुक्त घोषित

टीएनएफ टुडे, आगरा।



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 4.0 के तहत श्री विद्या रानी इंटर कॉलेज, फाउंड्री नगर, आगरा में जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब आगरा चाणक्य के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय को तंबाकू मुक्त विद्यालय भी घोषित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बताया गया कि तंबाकू का सेवन किस तरह कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग और मुंह के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। साथ ही कोटपा अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके तहत शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा युवाओं को तंबाकू से दूर रखना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। अगर युवा पीढ़ी तंबाकू से दूर रहेगी, तो आने वाला समाज स्वस्थ होगा। इसकी शुरूआत विद्यालयों से ही होनी चाहिए।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पियूष जैन ने कहा टीएफवाईसी 4.0 के तहत जिले के सभी विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। छात्र-छात्राओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे स्वयं भी इससे दूर रहें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

नोडल अधिकारी ने बताया कि विद्यालय को तंबाकू मुक्त विद्यालय घोषित किया गया है। अब विद्यालय परिसर में तंबाकू उत्पादों का सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और इसका पालन सभी को करना होगा। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने तंबाकू का सेवन न करने और अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

तंबाकू से होने वाले नुकसान---

तंबाकू से मुंह, गला और फेफड़ों का कैंसर होता है।

फेफड़े कमजोर होते हैं और सांस लेने में तकलीफ होती है।

हृदय रोग और ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है।

दांत खराब होते हैं और मुंह से बदबू आती है।

याददाश्त और पढ़ाई में मन कम लगता है।

उत्तरी बाईपास पर भारी वाहन न चलने से व्यापारियों में रोष, मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना

मेट्रो निर्माण के बीच शहर में भारी वाहनों के प्रवेश से बढ़ रहा हादसों का खतरा; जल्द बाईपास चालू कराने की उठी मांग

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तरी बाईपास पर भारी वाहनों का संचालन शुरू न होने से नाराज आगरा मंडल व्यापार संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुधवार को मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद व्यापारियों ने मंडलायुक्त के नाम संबोधित ज्ञापन एडिशनल कमिश्नर (ज्यूडिशरी) विवेक कुमार यादव को सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश चंद्र गोयल ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था लंबे समय से बदहाल बनी हुई है। एक तरफ मेट्रो परियोजना का कार्य चल रहा है और दूसरी तरफ भारी वाहनों के शहरी क्षेत्र में प्रवेश से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बने उत्तरी बाईपास के निर्माण और संचालन के लिए व्यापारियों ने लंबा संघर्ष किया, लेकिन अब भारी वाहनों के संचालन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर हीलाहवाली हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन की पत्राचार प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पूछा कि बाईपास कब तक केवल कागजी पत्राचार में उलझा रहेगा।

संगठन के मुख्य संरक्षक चरणजीत थापर ने कहा कि उत्तरी बाईपास शुरू न होने के कारण मथुरा से लखनऊ और कानपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन आगरा शहर के भीतर से होकर गुजर रहे हैं। इससे राजमार्ग पर दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है और कई परिवार उजड़ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जनहित और सड़क सुरक्षा को देखते हुए उत्तरी बाईपास पर भारी वाहनों का आवागमन शीघ्र शुरू कराया जाए, ताकि शहर को जाम और दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

इस दौरान राजेश गोयल, राजकुमार अग्रवाल, हेमंत लोहिया, अशोक गोयल, राजेश मनचंदा, रिंकू अग्रवाल, राजीव गुप्ता और प्रदीप लूथरा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

टीएनएफ टुडे मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
संपादक: धीरज शर्मा, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

सम्पादकीय

देव दीपावली की जगमग रोशनी और आस्था की शाश्वत लौ के बीच आधुनिकता के दौर में सांस्कृतिक चेतना

कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली के पावन अवसर पर जब काशी के घाटों से लेकर ब्रज और देश के विभिन्न पवित्र तीर्थस्थलों तक लाखों दीपों की लौ एक साथ प्रज्वलित होती है तो ऐसा लगता है मानो स्वर्ग और पृथ्वी के बीच आस्था का कोई दिव्य सेतु बन गया हो। नदी की लहरों पर तैरते असंख्य दीप और घंटा-घड़ियालों की गूंज केवल धार्मिक उत्सव का दृश्य नहीं होते बल्कि उस सनातन परंपरा का जीवंत प्रमाण होते हैं जो सदियों के उतार-चढ़ाव के बावजूद हमारी सांस्कृतिक पहचान को संभाले हुए है। आज के भागदौड़ भरे और स्क्रीन में सिमटते जीवन के बीच देव दीपावली जैसा पर्व हमें यह याद दिलाता है कि रोशनी केवल बाहरी सजावट का नाम नहीं है बल्कि भीतर के अंधकार और नकारात्मकता को मिटाने का संकल्प भी है। हर वर्ष घाटों पर उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ और पर्यटन के बढ़ते दायरे ने यह दिखाया है कि हमारी आस्था और विरासत में अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं। हालांकि उत्सव की इस भव्यता और बढ़ती लोकप्रियता के साथ यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या हम अपनी पवित्र नदियों घाटों और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा मयार्दा को लेकर उतने ही सजग हैं। केवल दीप जलाने और तस्वीरें साझा करने तक सीमित रह जाने के बजाय यदि हर नागरिक पर्यावरण संरक्षण और व्यवस्था के नियमों का पालन करे तो इस पर्व की सार्थकता और भी बढ़ जाएगी। देव दीपावली का यह पावन अवसर समाज के हर वर्ग को यह संदेश देता है कि परंपराओं का सम्मान तभी सच्चा है जब वे हमारे आचरण में संयम अनुशासन और दूसरों के प्रति करुणा का भाव जगाएं। लाखों दीपों की यह सामूहिक चमक हमें यह प्रेरणा देती है कि चाहे चुनौतियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों आशा विश्वास और सद्भावना की एक छोटी सी लौ भी पूरे माहौल को आलोकित कर सकती है।

अनसुने प्रसंग- क्षेपक कथा

भीष्म पितामह ने शरशय्या पर लेटे हुए भी युधिष्ठिर को बताया था गुप्त नीति का रहस्य

महाभारत के शांति पर्व और अनुशासन पर्व के अत्यंत दुर्लभ तथा गोपनीय अध्यायों में कुरुक्षेत्र के युद्ध के बाद शरशय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह और धर्मराज युधिष्ठिर के बीच हुए एक मार्मिक संवाद से जुड़ी यह कथा राजधर्म और वाणी के संयम के उस गुप्त मर्म को उजागर करती है जिसे बहुत कम लोग जानते हैं।

जब हस्तिनापुर के सिंहासन पर आसीन होने के बाद युधिष्ठिर के मन में यह गहरा प्रश्न उठा कि सभा में द्रौपदी के अपमान के समय अनेक महान योद्धा और नीतिज्ञ उपस्थित होने के बावजूद वे मौन क्यों रहे थे तब उन्होंने अत्यंत विनम्रता से पितामह के समक्ष यह जिज्ञासा रखी।

भीष्म पितामह ने अपनी पीड़ा को शांत करते हुए युधिष्ठिर से कहा कि कई बार परिस्थितियों और प्रतिज्ञाओं के ऐसे जटिल बंधन बन जाते हैं जहां असमय बोले गए शब्द भी बड़े संकट को जन्म दे सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि उस कठिन घड़ी में उन्होंने भीतर ही भीतर धर्म और न्याय के पक्ष में एक मौन संकल्प धारण किया था ताकि सही समय आने पर अधर्म के विरुद्ध निर्णायक युद्ध की आधारशिला रखी जा सके।

पितामह ने युधिष्ठिर को यह गुप्त रहस्य समझाया कि एक सच्चा नीतिज्ञ केवल क्रोध या आवेश में आकर नहीं बोलता बल्कि वह शब्द और मौन दोनों का उपयोग धर्म की रक्षा के लिए करता है।

युधिष्ठिर ने जब पितामह के इस गूढ़ अनुभव को समझा तो उन्हें यह बोध हुआ कि शासन और नीति में केवल तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि दूरदृष्टि और संयम सबसे बड़ी शक्ति होती है।

यह भी माना जाता है कि उस क्षण भीष्म पितामह ने यह स्पष्ट कर दिया कि वाणी की गरिमा तभी बनी रहती है जब वह सत्य और मयार्दा के अधीन हो। यह पावन और अनसुना प्रसंग हमें यह अमर सीख देता है कि जीवन और नेतृत्व में सही समय पर संयम रखना और धर्म के प्रति अडिग रहना ही वास्तविक विवेक की पहचान है।

इंडिया बनाम भारतः जंग जारी है!

बृज खंडेलवाल



उत्तर प्रदेश के एक गांव में सुबह का सूरज निकल रहा है। किसान खेत में खड़ा फसल देख रहा है। उसकी चिंता मौसम, खाद के दाम और बैंक की किस्त को लेकर है। घर में पत्नी कल की बची रोटियों से आज का खाना बनाने की जुगत भिड़ा रही है। बेटा डिग्री लेकर बेरोजगार घूम रहा है। बेटी की कॉलेज फीस बाकी है। बूढ़े मां-बाप को दवाइयां चाहिए। घर का बजट पहले ही लड़खड़ा रहा है। गेहूं और आलू की फसल अच्छी कीमत देगी या नहीं, कोई भरोसा नहीं। आढ़ती अपना हिस्सा लेगा। बैंक अपनी किस्त मांगेगा। परिवार मोटरसाइकिल, पक्की छत और बच्चों की अच्छी पढ़ाई के सपने देखता है। मगर सपने हर साल अगले साल पर टल जाते हैं।

गांव जरूर बदला है। हाथों में स्मार्टफोन हैं। कच्चे मकानों की जगह पक्के मकान बन गए हैं। पास से हाईवे भी गुजरने लगा है। नेता कैमरों और लाउडस्पीकरों के साथ आते हैं। सरकारी योजनाओं के पोस्टर चमकते हैं। लेकिन किसान की जिंदगी का बुनियादी संकट जस का तस है। आमदनी अनिश्चित, खर्च बेहिसाब और कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है।

अब जरा टीवी खोलिए। सरकार भारत की शानदार आर्थिक तरक्की का ढोल पीट रही है। जीडीपी सात फीसदी की रफ्तार से दौड़ रही है। कंपनियों का मुनाफा आसमान छू रहा है। अरबपतियों की तादाद बढ़ रही है। भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

किसान अपना घरेलू हिसाब देखता है और पूछता है, यह विकास आखिर छिपा कहां है?

यही भारत की चमकदार आर्थिक कहानी का सबसे असहज सवाल है। देश अमीर हो रहा है, लेकिन क्या देशवासी भी खुशहाल हो रहे हैं?

मोदी सरकार आर्थिक विकास, गरीबी में कमी और वैश्विक ताकत बनने के दावे करती है। मगर जीडीपी केवल बताती है कि देश में कुल कितना उत्पादन हुआ। यह नहीं बताती कि कमाई किसकी जेब में गई।

भारत की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का हिस्सा आधे से ज्यादा है। बैंकिंग, रियल एस्टेट, सूचना तकनीक और पेशेवर सेवाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनका फायदा अक्सर पढ़े-लिखे, पूंजी और संपर्क रखने वाले लोगों को मिलता है।

दूसरी तरफ खेती देश की बड़ी आबादी को रोजगार देती है, लेकिन राष्ट्रीय उत्पादन में उसका हिस्सा काफी कम है। कारखाने भी करोड़ों नौजवानों के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रहे।

यह केवल आर्थिक गड़बड़ी नहीं, बल्कि अमीर और गरीब के बीच गहराती खाई का संकेत है।

विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 की तस्वीर चौंकाने वाली है। भारत की सबसे अमीर दस फीसदी आबादी करीब 58 फीसदी राष्ट्रीय आय कब्जाए हुए है। नीचे के पचास फीसदी लोगों को महज 15 फीसदी हिस्सा मिलता है। दौलत का बंटवारा इससे भी ज्यादा शर्मनाक है। सबसे अमीर दस फीसदी के पास देश की करीब 65 फीसदी संपत्ति है। अकेले ऊपर का एक फीसदी लगभग 40 फीसदी संपत्ति का मालिक है। आधी आबादी के पास कुल संपत्ति का सिर्फ 6.4 फीसदी है।

जरा सोचिए! आधे देश के हिस्से में दौलत का छोटा-सा टुकड़ा है, जबकि मुट्ठीभर लोगों की तिजोरियां भरी पड़ी हैं। ऐसे में जीडीपी बढ़ने का आम परिवार को क्या फायदा? असली सवाल यह नहीं कि भारत अमीर बन रहा है या नहीं। सवाल है कि क्या आम भारतीय की जिंदगी बेहतर हो रही है?

कंपनियों का मुनाफा बढ़ता है, तो कर्मचारियों की तनख्वाह और नौकरियां उसी रफ्तार से क्यों नहीं बढ़तीं?

निवेश जरूरी है। उद्योग भी चाहिए। लेकिन सरकारी छूट और जनता के पैसे से फायदा उठाने वाली कंपनियों की भी कुछ जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्हें ज्यादा रोजगार देना चाहिए, बेहतर वेतन देना चाहिए और समाज के प्रति जवाबदेह होना चाहिए।

जीएसटी ने पूरे देश में एक समान टैक्स व्यवस्था बनाई। लेकिन अप्रत्यक्ष करों का बोझ गरीब पर ज्यादा पड़ता है। उसकी कमाई का लगभग पूरा हिस्सा रोजमर्रा की जरूरतों पर खर्च हो जाता है। अमीर बचत और निवेश कर सकता है। गरीब के पास बचाने को बचता ही क्या है?

सरकार हाईवे, हवाई अड्डे और औद्योगिक गलियारे बना रही है। यह अच्छी बात है। लेकिन विकास केवल सीमेंट, सरिया और कंक्रीट से नहीं मापा जा सकता। स्कूल, अस्पताल, पक्की नौकरी और सम्मानजनक वेतन भी विकास की पहचान हैं।

एक भारत लग्जरी फ्लैट, महंगी गाड़ियों और निजी अस्पतालों में रहता है। दूसरा भारत फीस, दवाइयों और रोजगार की चिंता में दिन काटता है।

नौजवान डिग्रियां लेकर भर्ती परीक्षाओं की कतार में खड़े हैं। असंगठित मजदूर बिना सामाजिक सुरक्षा के जिंदगी खींच रहे हैं। किसान मौसम, बाजार और कर्ज के रहमोकरम पर हैं। महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार पाने में मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं।

प्रोफेसर पारसनाथ चौधरी की टिप्पणी गौर करने लायक है, "अगर बढ़ती समृद्धि की लहर सिर्फ अमीरों की नौकाएं ऊपर उठाए, तो उसे जनकल्याण कैसे कहेंगे?"

सवाल निजी उद्योगों का विरोध करने का नहीं है। सवाल ऐसी व्यवस्था का है, जहां अवसरों से ज्यादा तेजी से अमीरों के विशेषाधिकार बढ़ रहे हैं।

गांधीवादी आर्थिक सोच का बुनियादी सिद्धांत सीधा है। जो लोग दौलत पैदा करते हैं, उन्हें उसका न्यायपूर्ण हिस्सा मिलना चाहिए। मजदूर मशीन का पुर्जा नहीं। किसान सस्ता अनाज पैदा करने वाली मशीन नहीं। छोटे व्यापारी विकास की बलि चढ़ाने के लिए नहीं हैं।

भारत को ज्यादा न्यायपूर्ण कर व्यवस्था चाहिए। बड़ी संपत्तियों और पूंजीगत लाभ पर प्रभावी कर लगना चाहिए। छोटे उद्योगों और रोजगार देने वाले कारोबारों को सहारा मिलना चाहिए। सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और कौशल प्रशिक्षण पर गंभीर निवेश जरूरी है।

किसानों को सही बाजार, सस्ता कर्ज और भरोसेमंद खरीद व्यवस्था चाहिए। मजदूरों को उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्यस्थल चाहिए। सस्ता मकान और सार्वजनिक परिवहन भी विकास की प्राथमिकता बनें। सरकार जीडीपी के साथ-साथ असली वेतन, घरेलू आमदनी, संपत्ति का बंटवारा और सामाजिक तरक्की भी मापे।

भारत की युवा आबादी हमारा बड़ा खजाना है। लेकिन यह फायदा हमेशा नहीं रहेगा। करोड़ों नौजवान रोजगार बाजार में आ रहे हैं। उन्हें भाषण नहीं, काम चाहिए। आर्थिक असमानता बढ़ेगी तो बाजार कमजोर होगा, सामाजिक तनाव बढ़ेगा और लोकतंत्र पर भी असर पड़ेगा। दौलत जब चंद हाथों में सिमटती है, तो राजनीतिक ताकत भी उन्हीं के दरवाजे पहुंचने लगती है। मुफ्त राशन और चुनावी राहत आर्थिक इंसाफ का विकल्प नहीं हो सकते। जनता को अच्छी नौकरी, अच्छी शिक्षा, सस्ता इलाज और सुरक्षित आमदनी चाहिए।

सवाल यह नहीं कि भारत को विकास चाहिए या नहीं। बिल्कुल चाहिए। सवाल है, विकास किसके लिए?

सात आठ फीसदी की आर्थिक रफ्तार तभी मायने रखेगी, जब उसका फायदा खेत, कारखाने और आम घर तक पहुंचे। केवल अरबपतियों की तिजोरियां भरने से राष्ट्र महान नहीं बनता। विकास की असली कसौटी यह नहीं कि अमीर कितनी दूर आगे निकल गए। कसौटी यह है कि गरीब की जिंदगी कितनी बेहतर हुई।

भारत को ऐसी अर्थव्यवस्था चाहिए, जहां दौलत पैदा करने वाले खाली हाथ न रहें।

खुशहाली किसी खास वर्ग का निजी जश्न नहीं, पूरे देश की साझी उपलब्धि होनी चाहिए।

हूटर वाली सफलता और गुब्बारे वाली माँः कौन है असली सरकार?

दीपक कुमार गोस्वामी

शादी में जैसे ही गेट पर पहुँचे, ऐसा लगा जैसे दूल्हा-दुल्हन की शादी नहीं, किसी सरकार की ताजपोशी हो रही हो, किसी फिल्म के हीरो की एंट्री हो रही हो, किसी पहलवान की कुश्ती हो रही हो, पाँच काली चमचमाती कारें, हूटर बजाती हुई, ऐसी आवाज कि कान के पर्दे तो छोड़ो, दिल के पर्दे भी हिल जाएं, बगल में खड़ी आंटी की साड़ी का पल्लू उड़ जाए, बच्चे की आइसक्रीम गिर जाए, और बूढ़े दादा जी का चश्मा टेढ़ा हो जाए, फिर लद-पद टपके काले कपड़े, पिस्टलों की चमक के साथ बाउंसरों की फौज, ऐसे बाउंसर कि देखकर लगे, इन्होंने बचपन में माँ का दूध नहीं, डंबल चबाए हैं, इनकी गर्दन इतनी मोटी कि कॉलर ही नहीं मिलता, इनकी छाती इतनी चौड़ी कि दरवाजा ही छोटा पड़ जाए, फिर एक सरकारी सुरक्षा कर्मी, फिर चमचों की फौज, अरे चमचे तो ऐसे, जैसे सरकार के बिना इनकी साँस ही नहीं चलती, सरकार हंसे तो ये हंसते हैं, सरकार खांसे तो ये खांसते हैं, सरकार चले तो ये चलते हैं, सरकार रुके तो ये रुकते हैं, सरकार बोले तो ये बोले, सरकार चुप रहे तो ये भी चुप, पर मन में बोले, हुजूर, कुछ तो बोलिए, फिर तथाकथित सत्ताधारी नेता और सरकारी ठेकेदार, लाइजनिंग स्पेशलिस्ट फला-फला जी, सब कुछ चमक के घनघनाते हुए हाऊ-हॉ हो रही थी, सब मंतरमुग्ध, दूल्हे और दुल्हन के परिवार के मुख्य लोग नतमस्तक होकर उनका देहरी पूजन कर स्वागत-सत्कार कर अंदर ले जाने का उपक्रम चल ही रहा था, जैसे भगवान आ गए हों, जैसे साक्षात विष्णु अवतार ले लिए हों, जैसे अब शादी तभी होगी, जब ये सरकार अंदर जाएंगे, और उधर सड़क पर कोने में गेट के बाहर एक माँ बच्चों के गुब्बारे बेच रही थी, उसकी छोटी लड़की ने माँ की फटी साड़ी को खींचकर कहा, अम्मा ई कौन है जो भोपू बजाती आये है यहाँ, माँ ने खीजते हुए उत्तर दिया, चुप रह, नहीं तो पुलिस डंडा मारेगी, कोई तो बड़े सरकार होइहे, मुझे का पता, बस यही सवाल है, मेरे दोस्त, यही पूरी कहानी का असली पंच है, यही सफलता का सबसे बड़ा पंगा है, कि सफलता का पैरामीटर क्या होना चाहिए, धन, वैभव, प्रतिष्ठा, चमक, भौकाल, या कुछ और, कुछ ऐसा जो हूटर में नहीं बजता, जो बाउंसर में नहीं दिखता, जो काली गाड़ी में नहीं चलता, जो चमचों में नहीं हंसता।

जमाना कहता है, बाप बड़ा ना भैया, सबसे बड़ा रुपया, और हम भी बेवकूफों की तरह मान लेते हैं, हाँ भाई, रुपया ही सब कुछ है, रुपया है तो इज्जत है, रुपया है तो सलाम है, रुपया है तो शादी में गेट पर आरती है, रुपया नहीं है तो गेट के बाहर गुब्बारे बेचो, और चुपचाप देखो, ये कैसा न्याय है, ये कैसी सफलता है, ये कैसा समाज है, जहाँ आदमी की कीमत उसके कपड़ों से तय होती है, उसकी गाड़ी से तय होती है, उसके बाउंसर से तय होती है, उसके हूटर से तय होती है, अरे हूटर तो एम्बुलेंस में भी बजता है, तो क्या एम्बुलेंस वाला सबसे सफल है, पिस्टल तो डाकू के पास भी होती है, तो क्या डाकू सबसे सफल है, काले कपड़े तो कौवे के पास भी होते हैं, तो क्या कौवा सबसे सफल है, चमचे तो चाय की दुकान पर भी होते हैं, तो क्या चाय की दुकान वाला सबसे सफल है, नहीं ना, फिर हम क्यों चमक को सफलता मान बैठे हैं, ये चमक, ये दमक, फूलों में महक, सब कुछ सरकार तुमई से है, वाह, क्या गाना है, पर गाना सुनकर नाचने वाले भूल जाते हैं, कि सरकार की चमक जनता के टैक्स की चमक है, ठेकेदार की चमक जनता के पैसे की चमक है, नेता की चमक वोट की चमक है, और ये चमक कब तक रहेगी, जब तक कुर्सी है, तब तक चमक है, कुर्सी गई, चमक गई, हूटर गया, बाउंसर गए, चमचे गए, फिर कौन पूछेगा, फिर गेट पर कौन आरती करेगा, फिर देहरी पूजन कौन करेगा, कोई नहीं, क्योंकि कुर्सी के जाने के बाद तो चमचे भी पहचानने से इनकार कर देते हैं, कहते हैं, अरे आप कौन, हमने तो आपको कभी देखा ही नहीं।

असली सफलता तो वो है, जो कुर्सी जाने के बाद भी रह जाए, जो गाड़ी बिकने के बाद भी रह जाए, जो रुपया खत्म होने के बाद भी रह जाए, जो हूटर बंद होने के बाद भी गूंजती रहे, सफलता का पैरामीटर धन नहीं है, धन तो साधन है, साध्य नहीं है, धन से तुम बिस्तर खरीद सकते हो, नींद नहीं, धन से तुम किताब खरीद सकते हो, ज्ञान नहीं, धन से तुम मंदिर बना सकते हो, भक्ति नहीं, धन से तुम शादी में पाँच गाड़ियाँ ला सकते हो, पर दूल्हा-दुल्हन का प्रेम नहीं ला सकते, धन से तुम बाउंसर ला सकते हो, पर सुरक्षा नहीं ला सकते, क्योंकि बाउंसर तो पैसों के लिए खड़ा है, पैसा खत्म, बाउंसर खत्म, और जो चमचे हैं, वो तो और भी मजेदार प्राणी हैं, ये वो जीव हैं, जो सरकार के आगे-आगे चलते हैं, सरकार के पीछे-पीछे चलते हैं, सरकार हंसे तो हंसते हैं, सरकार रोए तो रोते हैं, सरकार खाए तो खाते हैं, सरकार ना खाए तो भी खाते हैं, इनका काम ही है, वाह-वाह करना, जी-जी करना, हुजूर-हुजूर करना, इनकी सफलता का पैरामीटर ही चमचागिरी है, इनका जीवन ही चमचागिरी है, इनका भविष्य ही चमचागिरी है।

अब जरा उस माँ को देखो, जो गेट के बाहर गुब्बारे बेच रही है, उसके पास ना हूटर है, ना बाउंसर है, ना काली गाड़ी है, ना चमचे हैं, पर उसके पास एक चीज है, जो बड़े सरकार के पास नहीं है, उसके पास ममता है, उसके पास मेहनत है, उसके पास ईमान है, वो अपनी बेटी के लिए गुब्बारे बेचकर रोटी कमा रही है, वो भीख नहीं मांग रही, वो चोरी नहीं कर रही, वो ठेकेदारी में कट नहीं खा रही, वो लाइजनिंग में दलाली नहीं कर रही, वो मेहनत कर रही है, क्या वो असफल है, क्या वो छोटी है, अरे वो तो सबसे बड़ी है, वो तो सबसे सफल है, क्योंकि उसकी बेटी ने जो सवाल पूछा, अम्मा ई कौन है, वो सवाल बड़े-बड़े दार्शनिकों से बड़ा सवाल है, वो सवाल पूरी व्यवस्था पर तमाचा है, कि ये भोपू बजाने वाले कौन हैं, ये चमक-दमक वाले कौन हैं, क्या यही सफलता है, क्या यही जिंदगी है, उस बच्ची को क्या पता, कि सफलता का मतलब हूटर नहीं है, सफलता का मतलब गुब्बारा है, जो हवा में उड़ता है, पर दिल को खुश करता है, जो फूट जाता है, पर हंसी दे जाता है, जो छोटा है, पर बड़ा आनंद देता है।

सफलता का असली पैरामीटर तो ये है, कि तुम्हारे जाने के बाद कितने लोग तुम्हें याद करते हैं, तुम्हारे मरने के बाद कितने लोग तुम्हारे लिए रोते हैं, तुम्हारे गरीब होने के बाद भी कितने लोग तुम्हारे साथ खड़े रहते हैं, तुम्हारे पास जब कुछ ना हो, तब भी कितने लोग तुम्हें अपना मानते हैं, धन वाला आदमी मरता है, तो लोग पूछते हैं, कितना छोड़ गया, दिल वाला आदमी मरता है, तो लोग पूछते हैं, कितना दे गया, कितना बाँट गया, कितना हंसा गया, कितना रुला गया, यही फर्क है, रुपया तो बैंक में पड़ा रह जाता है, दिल लोगों के दिल में रह जाता है, रुपया तो बेटों में बंट जाता है, लड़ाई हो जाती है, दिल तो सबमें बंट जाता है, प्रेम बढ़ जाता है, इसलिए कहावत को थोड़ा बदलो, बाप बड़ा ना भैया, सबसे बड़ा रुपया, नहीं भाई, बाप बड़ा ना भैया, सबसे बड़ा वो भैया, जो सबका भैया बन जाए, जो गरीब के लिए भी भैया हो, जो अमीर के लिए भी भैया हो, जो गुब्बारे वाली माँ के लिए भी भैया हो, जो दूल्हे के लिए भी भैया हो।

अरे शादी में हूटर बजाकर आने वाले सरकार, एक दिन हूटर बंद हो जाएगा, एक दिन गाड़ी पुरानी हो जाएगी, एक दिन बाउंसर बूढ़ा हो जाएगा, एक दिन चमचे दूसरे सरकार के पास चले जाएंगे, तब क्या बचेगा, तब बचेगा तुम्हारा व्यवहार, तुम्हारा स्वभाव, तुम्हारा प्रेम, तुम्हारी मानवता, तुमने किसी गरीब को गले लगाया था, या धक्का दिया था, तुमने किसी भूखे को रोटी खिलाई थी, या फोटो खिंचवाई थी, तुमने किसी रोते को हंसाया था, या रुलाया था, यही हिसाब होगा, ऊपर वाले के यहाँ ना हूटर चलता है, ना बाउंसर चलता है, ना काली गाड़ी चलती है, वहाँ तो सिर्फ दिल का हिसाब चलता है, वहाँ तो सिर्फ कर्म का हिसाब चलता है, वहाँ तो पूछा जाएगा, बेटा, तूने धन कमाया, ठीक है, पर दिल कमाया, कि नहीं, तूने वैभव कमाया, ठीक है, पर प्रेम कमाया, कि नहीं, तूने प्रतिष्ठा कमाई, ठीक है, पर इज्जत कमाई, कि नहीं, प्रतिष्ठा तो कुर्सी से मिलती है, इज्जत कर्म से मिलती है, प्रतिष्ठा तो लोग डर से देते हैं, इज्जत लोग प्रेम से देते हैं।

सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 27 नवंबर 2026 शुक्रवार

कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष मिथुन सिंह वृश्चिक और मकर राशि के जातकों का मानसिक मनोबल और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। शुक्रवार का दिन जगत जननी मां महालक्ष्मी और वैभव के दाता शुक्र ग्रह की आराधना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन मां लक्ष्मी के मंदिर में जाकर कमल का पुष्प और खीर का भोग लगाने तथा श्री सूक्त का पाठ करने से जीवन के सभी आर्थिक संकट दूर होते हैं तथा अटूट धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपके पराक्रम और नेतृत्व क्षमता की खुलकर सराहना होगी जिससे आपका प्रभाव काफी बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में किए गए पूर्व प्रयासों से अचानक बड़ा धन लाभ होने की पूरी संभावना बन रही है। मां लक्ष्मी को लाल पुष्प अर्पित करें जिससे आपके सभी संकट दूर हों।

वृष

आज व्यापार में किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने का बहुत ही अनुकूल समय है और वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में सुख और शांति का वातावरण बना रहेगा जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। मंदिर में सफेद मिठाई का दान करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

मिथुन

आज आपकी बौद्धिक क्षमता और तार्किक शक्ति से आपके सभी जटिल और रुके हुए कार्य तेजी से हल होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अध्ययन और प्रतियोगिता परीक्षा में बड़ी सफलता दिलाने वाला रहेगा। श्री सूक्त का नियमित पाठ करें जिससे आपकी संपत्ति और कार्यकुशलता में वृद्धि हो।

कर्क



आज भूमि भवन या अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से जुड़ा कोई रुका हुआ मामला सुलझने से मन में उत्साह रहेगा। माता-पिता का भरपूर स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त होगा जो आपके लिए बहुत लाभदायक रहेगा। मंदिर में चावल और मिश्री भेंट करें जिससे आपके घर में सुख समृद्धि का वास हो।

सिंह

आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपके वर्चस्व तथा मान-सम्मान चरम पर होगा और विरोधी आपके सामने टिक नहीं पाएंगे। आय के नए स्रोत बनने से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत और सुदृढ़ होगी। मां लक्ष्मी को इत्र अर्पित करें जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि हो।

कन्या

आज आपकी आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिलेगा। व्यापारियों को नए व्यावसायिक अनुबंध मिलने की पूरी संभावना बन रही है। किसी जरूरतमंद कन्या को सफेद वस्त्र दान करें जिससे आपके मार्ग की सभी रुकावटें दूर हों।

तुला

आज कला संस्कृति और सौंदर्य क्षेत्र से जुड़े जातकों को बड़ी सफलता मिलेगी और भरपूर जनसमर्थन प्राप्त होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के साथ किसी मांगलिक कार्य में भाग लेंगे। मंदिर में चांदी का सिक्का अर्पित करें जिससे आपके जीवन में शांति बनी रहे।

वृश्चिक

आज आपके सोचे हुए सभी शासकीय और कानूनी कार्य बिना किसी रुकावट के समय पर पूरे होंगे। अपने स्वास्थ्य का थोड़ा ध्यान रखें और दिनचर्या को पूरी तरह संयमित रखने का प्रयास करें। कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपके सभी विरोधी शांत रहें।

धनु

आज भाग्य का पूरा साथ मिलने से आपके सभी अटके हुए प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ेंगे और मन प्रफुल्लित रहेगा। धार्मिक गतिविधियों और सेवा कार्यों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आत्मिक शांति मिलेगी। मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके मार्ग प्रशस्त हों।

मकर

आज नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के बहुत ही सुंदर योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद आपसी बातचीत से सुलझ सकता है। शुक्रवार का व्रत रखें जिससे आपके करियर की बाधाएं समाप्त होंगी।

कुंभ

आज आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और किसी महत्वपूर्ण यात्रा का योग बनेगा। व्यावसायिक साझेदारों के साथ संबंध मजबूत होंगे जिससे व्यापार में बड़ा मुनाफा मिलेगा। लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो।

मीन

आज आर्थिक लेन-देन में पूरी सावधानी बरतें और किसी भी अनजान योजना में सोच-समझकर ही पैसा लगाएं। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा और जीवनसाथी का पूरा सहयोग आपके साथ बना रहेगा। मां लक्ष्मी के चरणों में प्रणाम करके दिन की शुरूआत करें जिससे आपके सभी मानसिक तनाव दूर हों।

आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शुक्रवार के दिन घर की दक्षिण-पूर्व दिशा यानी आग्नेय कोण को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां श्रीयंत्र स्थापित करने तथा मुख्य द्वार पर सुगंधित सफेद फूलों की वंदनवार सजाने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा मां महालक्ष्मी की कृपा से घर में धन आगमन और स्थायी सुख-शांति का वास होता है।

भ्रूण हत्या किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: डीएम

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई संपन्न

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ओपीडी, आईपीडी, अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे, पैथोलोजी, जननी सुरक्षा योजना/भुगतान, एफआरयू, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(आरबीएसके), परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के संचालन पर चर्चा हुई।

इसके साथ एम्बुलेंस 108, नेशनल एम्बुलेंस सेवा 102, पी0पी0पी0 परियोजना, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, नियमित टीकाकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, पीसीपीएनडीटी, आदि योजनाओ के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी कमेटी को निर्देश दिए कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु नियमित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की चेकिंग करना सुनिश्चित करें तथा अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधावल्लभ को निर्देश दिए कि अवैध/ अनाधिकृत अस्पतालों तथा झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही



सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि परिसर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियमित निरीक्षण करे। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी चिकित्साधिकारी ससमय अस्पताल में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मरीजों को तत्काल उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी/सीएचसी) में उपचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से अन्यत्र न भटकना पड़े। अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के बैठने हेतु कुर्सी व बेंच, पीने हेतु पेयजल (आर0ओ0 जल) आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। चिकित्सीय उपकरणों एवं आवश्यक दवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान और नियमित टीकाकरण में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि जननी सुरक्षा योजना के संबंध में जिला महिला अस्पताल, जिला अस्पताल, संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन सहित जनपद की समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य इकाइयों में लाभार्थियों को देय भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आमजन को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों का ससमय आयुष्मान कार्ड बनाया जाए।

उन्होंने आभा आईडी जनरेट करने तथा 108 और 112 एंबुलेंस सेवाओं को निर्धारित समय में मरीज तक पहुंचाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में मरीज उपचार से वंचित नहीं होना चाहिए। बैठक में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने एवं टीकाकरण से संबंधित समस्त रिकॉर्ड ऑनलाइन अद्यतन करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राधावल्लभ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ0 विकास कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय डॉ0 अनिल पुरनानी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय डॉ0 वंदना अग्रवाल, जिला प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 अनुज कुमार, नोडल पीसीपीएनडीटी डॉ0 विकास जैन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिहोरिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भूदेव,डॉ0 गोपाल बाबू, डॉ0 चित्रेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

पर्स चुराने वाला पकड़ा गया



मथुरा। थाना वृन्दावन पुलिस टीम ने अभियुक्त को चोरी के पर्स व एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गन्दी गली से करीब 10 कदम की दूरी पर वृन्दावन से अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू पुत्र विष्णु निवासी लच्छो की टाल किशोरपुरा थाना वृन्दावन जनपद मथुरा उम्र 20 वर्ष को चोरी के पर्स व एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना वृन्दावन पर मु0अ0सं0 757/2026 धारा 317(5) इठर व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ 8 मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्यों में राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक, उनि शिवकुमार शर्मा आदि शामिल थे।

भारतीय जैन मिलन का 21 वां राष्ट्रीय महिला सम्मेलन 29 को



फिरोजाबाद। जैन मिलन महिला अपराजिता शाखा के तत्वावधान में भारतीय जैन मिलन का 21 वां राष्ट्रीय महिला सम्मेलन आगामी 29 नवंबर, दिन रविवार को एफ.एम. वाटिका में आयोजित होगा। शाखा अध्यक्षा नीता जैन ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र जैन रितुराज, राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन, राष्ट्रीय महामंत्री महेश कुमार जैन एवं राष्ट्रीय महिला चेयरपर्सन आभा जैन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उषा जैन और शीला जैन मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान नगर की विशिष्ट चिकित्सक डॉ. शिखा जैन (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति जैन को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सम्मेलन में विशिष्ट महिला सम्मान तथा सर्वश्रेष्ठ शाखा सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में संपूर्ण देश भर की महिलाओं व जैन मिलन की क्षेत्र संख्या 17 की सभी शाखाओं से 300 वीरांगनाओं की सहभागिता रहेगी। वार्ता के दौरान महामंत्री रेणु जैन, कोषाध्यक्ष वर्षा जैन, ऑडिटर रूपम जैन, नीना जैन मिलेनियम, डॉ रश्मि जैन, संगीता जैन, शाखा सचिव साधना जैन आदि मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मनाई देव दीपावली, 3100 दीपों से जगमगाया कॉलेज प्रागण



फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मंगलवार को देव दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज प्रागण में 3100 दीपकों की रोशनी से जगमगा रहा था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल ने देव दीपावली के प्राचीन महत्व एवं आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए सभी से अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक, संवेदनशील एवं समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर एमबीबीएस, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक प्रस्तुतियां दीं। एमबीबीएस विद्यार्थियों ने भरत मिलाप संवाद एवं तबला वादन के साथ रामस्तुति प्रस्तुत की। वहीं नर्सिंग विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया तथा पैरामेडिकल विद्यार्थियों ने भावपूर्ण राम गायन से वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में आतिशबाजी की गई तथा सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान डॉ. अतुल, डॉ. सोनाली बान्दील, डॉ. भूमिका भट्ट, डॉ. दिव्या चौधरी, डॉ. नीता गर्ग, डॉ. हरिओम सरन, डॉ. प्रेरणा जैन, डॉ. पीकेश कुमार सहित चिकित्सक, संकाय सदस्य, रेजिडेंट्स, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ एवं छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता और रैली निकालकर किया जागरूक



फिरोजाबाद। दाऊदयाल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ह्यमानव जीवन और सुरक्षाह्ण रखा गया, जिसमें लगभग 145 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष एवं सफल बनाने के लिए निर्णायक मंडल में डॉ. ज्योति अग्रवाल, डॉ. शालिनी सिंह एवं डॉ. नूतन राजपाल शामिल रहीं। जिसमें रेखा शर्मा प्रथम रही। प्राचार्या प्रो. रेनू वर्मा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधवी सिंह और डॉ. अंजु गोयल ने किया।

अडींग़ में मंदिरों के निकट गंदगी के पांच साल

- ऐतिहासिक किलोल कुंड में गंदगी और पानी सड़ने से सांस लेना मुश्किल
- धार्मिक भावनाएं आहत, बीडीओ से गुरुवार को मिलेंगी महिलाएं
- पंचायत सचिव गिरफ्तारी के बाद से नहीं तैनात हुआ कोई सचिव



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

गोवर्धन क्षेत्र की अड़ींग पंचायत में सचिव के रिश्वत लेते गिरफ्तारी के 20 दिन बाद भी पंचायत सचिव की तैनाती नहीं हुई है। इधर गांव के मंदिरों के निकट गंदगी के ढेरों का उठान न होने से लोगों की धार्मिक भावना आहत हो रही हैं। ऐतिहासिक किलोल कुण्ड में गंदगी और पानी सड़ने से लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। गुरुवार को दर्जनभर महिलाएं बीडीओ गोवर्धन से मुलाकात करेंगी। तीन दिन में सफाई की ठोस व्यवस्था न हुई तो वह जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगी।

पंचायत में पूरे कार्यकाल में सफाई और पानी का इंतजाम नहीं हो पाया। गुजरे तीन साल में करीब 75 लाख रुपए पेयजल व्यवस्था के नाम पर निकल गये लेकिन लोग लीकेज के चलते गंदा पानी ही उपयोग में ला रहे हैं। पीने को भले ही आर ओ का पानी ले-लें लेकिन पेयजल आपूर्ति के पानी की गंद का एहसास सुबह ब्रश करते समय ही हो जाता है। ग्रामीण अजीत सैनी, पंकज गौड़ का आरोप है कि पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारियों ने 200 रुपए दिहाड़ी पर दो स्थानीय लोग रखे हुए हैं। एक -दो परमानेंट सफाई कर्मचारी तो मैट बने घूमते हैं। डीपीआरओ की संस्तुति पर एक ओर पंचायत को राज्य स्तरीय स्वच्छता पुरस्कार मिल चुका है वहीं आलम यह है कि कुछ मोहल्लों में तो महीनों से सफाई कर्मचारी नहीं पहुंचे।

आलम यह है कि प्राचीन बिहारी जी और पिपलेश्वर महादेव मंदिर के निकट का रास्ता पूरे कार्यकाल डलावघर बना रहा। मंदिरों के निकट गंदगी डालने को एक छोटी ट्राली खडी. होती थी। इसे कयी दिनों तक न उठाने से कयी कयी ट्राली कूडा. एकत्र हो जाता है। लोग गंद से बचने को इसमें आग लगा देते हैं। बिहारी जी मन्दिर के प्रबंधक भी गंदगी डालने से रोकने के मामले में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। मंदिरों के पास गंदगी के अंबार लगने से महिला श्रद्धालुओं की भावना आहत हो रही हैं। वह गुरुवार को मंदिरों के निकट और किलोल कुण्ड में जमा गंद की निकासी को बीडीओ गोवर्धन से मुलाकात करेंगी। यदि सफाई तीन दिन में न हुई तो डीएम कार्यालय जाकर उन्हें ज्ञापन दिया जायेगा।



दाऊदयाल स्टेडियम से ककरऊ कोठी तक एक तरफा नाला निर्माण कराएं जाने पर व्यापारियों में आक्रोश

- व्यापारी दोनो तरफ नाला निर्माण कराने की मांग को लेकर डीएम को सौपेंगे ज्ञापन आज

फिरोजाबाद। ककरऊ कोठी शनि देव मंदिर बाजार कमेटी की एक बैठक द्वारकाधीश गार्डन, ककरऊ की कोठी पर आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम द्वारा दाऊदयाल स्टेडियम से ककरऊ कोठी तक लगभग 15 फुट चौड़े नाले का निर्माण केवल एक ओर कराए जाने पर व्यापारियों ने कड़ा विरोध जताया। उन्होने दोनो तरफ नाला निर्माण कराने की मांग की है।

फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अम्बेश शर्मा ने कहा कि नियमानुसार मोहल्लों एवं बस्तियों के पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण दोनों पटरियों पर समान रूप से होना चाहिए, लेकिन नगर निगम द्वारा एक ओर नाले का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर नाला निर्माण की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। व्यापारियों ने इसे अन्यायपूर्ण एवं अनुचित बताते हुए वर्तमान निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 नवंबर, गुरुवार को प्रातः 11 बजे फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय व्यापारी जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपगे। साथ ही एक तरफा नाला निर्माण को तत्काल रुकवाने तथा दोनों ओर समान रूप से नाला निर्माण कराने की मांग करेंगे। बैठक में निर्भय चतुर्वेदी एडवोकेट, अश्वनी ग्रोवर, होरीलाल बघेल, क्षेत्रपाल बघेल, रमाशंकर दादा, आलोक यादव एडवोकेट, रामनरेश, सिपाही राम, विनय प्रताप सिंह, नरेश, सतीश, विकास, कमल सिंह, दिनेश यादव, अरविंद कुमार, राजेंद्र सिंह राजू, श्रीकृष्ण, सीताराम, राकेश कुमार, भारत सिंह, दुष्यंत भारद्वाज, देवेंद्र बघेल, भूरी सिंह, राजकुमार, पवन कुमार सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

संवेदनशील बूथों पर नजर रखने के दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था, बूथवार एवं सेक्टरवार संवेदनशीलता तथा पुलिस-प्रशासन के समन्वय से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

डीएम संतोष कुमार शर्मा ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने तथा सभी तैयारियां समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, अपराध और संवेदनशील मामलों की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। मतदान केंद्रों पर जातीय संघर्ष, राजनीतिक



प्रतिद्वंद्विता, पूर्व चुनावों के विवाद और मतदान प्रभावित करने की आशंका जैसे बिंदुओं पर सूचनाएं जुटाई जाएं। डीएम ने मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, प्रवेश-निकास और पार्किंग जैसी न्यूनतम सुविधाओं का संयुक्त निरीक्षण कराने तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए। एसएसपी आदित्य लांग्हे ने संवेदनशील बूथों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग लगातार अपडेट रखने तथा पुराने भूमि एवं राजस्व विवादों का पुलिस-राजस्व की संयुक्त टीम से समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने निरोधात्मक कार्रवाई प्रभावी बनाने और पूर्व चुनावों से जुड़े मामलों की केसवार समीक्षा करने पर जोर दिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल सहित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी 28 को गऊ ग्राम परखम में प्रकल्पों का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रो0 एसपी सिंह बघेल सहित उत्तर प्रदेश के कई मंत्री करेंगे शिरकत
- आर0एस0एस के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी होंगे मुख्य वक्ता



मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर को प्रातः 10 से दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, गऊ-ग्राम, परखम, फरह में पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन, आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय का शिलान्यास एवं अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र का लोकार्पण करेंगे।

यह जानकारी दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरी शंकर शर्मा ने बुधवार को गऊ ग्राम परखम, फरह स्थित अशोक सिंघल सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति दीनदयाल धाम, फरह के तत्वावधान में 28 नवंबर शनिवार प्रातः 10 बजे गऊ ग्राम परखम, फरह में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गौ संवर्धन, आयुर्वेद, अनुसन्धान और शिक्षा को समर्पित विभिन्न प्रमुख प्रकल्पों का विमोचन, लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन, अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र तथा श्री नंदीश्वर छात्रावास का लोकार्पण और आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय तथा 2 बीएचके आवासीय परिसर का शिलान्यास भी करेंगे।

मीडिया प्रभारी कीर्ति पी० कुमार ने बताया कि समारोह को परम पूज्य निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज एवं आचार्य महामण्डलेश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा श्री अवधेशानन्द गिरि जी महाराज का पावन आशीर्वचन प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी रहेंगे।

समारोह में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेंगे। इसके साथ ही केन्द्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन राज्यमंत्री प्रो.एस.पी. सिंह बघेल, देव संस्कृति विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड के कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' तथा विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रवीण रामदास की कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के सर्व व्यवस्था प्रमुख महावीर ने बताया कि समारोह में प्रबुद्ध वर्ग और समाजसेवियों के साथ ही महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को बुलाया गया है। इसमें प्रमुख शिक्षाविद, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, फैकल्टीज, समय-समय पर जिनका सहयोग प्राप्त होता रहता है, ऐसे समाजसेवियों तथा समाज परिवर्तन में लगे बंधुओ और भगिनियों को भी आमंत्रित किया गया है। डॉ० गौरव श्रीवास्तव ने मॉलिक्युलर बायलॉजी लैब के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पत्रकार वार्ता में उमेश शर्मा, विनीत कुमार, मुकेश शर्मा, वीरेन्द्र एवं ऋषभ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन 30 को

फिरोजाबाद। 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन का आयोजन 30 नवंबर, सोमवार को प्रातः 10 बजे से एमडी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में होगा।

डीआईओएस मुदिता पाण्डेय ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि जिन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, वे अपने प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रतिभागी विद्यार्थियों को मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रोजेक्ट, दैनंदिनी, पोस्टर एवं अन्य आवश्यक सामग्री लेकर निर्धारित समय पर पहुंचना होगा। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टेनेबिलिटी रखा गया है। इसमें ऑनलाइन पंजीकरण कराने वाले 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे।

संविधान दिवस पर 7000 विद्यार्थी करेंगे प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

फिरोजाबाद। संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर पाली इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद में 26 नवंबर को आयोजित होने वाले ह्यएक स्वर, एक संविधानह्ल कार्यक्रम के तहत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन का पूर्वाभ्यास कराया गया। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत 26 नवंबर को प्रातः नौ बजे लगभग सात हजार विद्यार्थी एक साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे। इसमें जनपद न्यायाधीश, समस्त न्यायिक अधिकारी, जिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अधिकारी शामिल होंगे। सामूहिक वाचन के माध्यम से न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के संवैधानिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को संविधान में निहित अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

विश्व शांति महायज्ञ के साथ नौ दिवसीय विधान का भव्य समापन

श्रीजी की रथयात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब राज्यसभा सांसद नवीन जैन बोले-विश्व शांति एवं मानव कल्याण की मंगल भावना से हुआ विधान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।

अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर पीएनसी परिवार, आगरा की ओर से श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, डी-ब्लॉक, कमला नगर में आयोजित नौ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ।मुनिश्री समत्वसागर जी ससंघ के मंगल सान्निध्य में राज्यसभा सांसद नवीन जैन के नेतृत्व एवं पीएनसी परिवार के मुखिया प्रदीप कुमार जैन के संयोजन में आयोजित समापन समारोह में सुबह से ही जिनालय में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।विधान का शुभारंभ 17 नवंबर को अष्टानिका महापर्व के अवसर पर हुआ था।युगल प्रतिष्ठाचार्य डॉ. अभिषेक जैन एवं आकाश जैन शास्त्री के निर्देशन में नौ दिनों तक प्रतिदिन भगवान जिनेंद्र देव का अभिषेक, शांतिधारा पूजन, विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। अंतिम दिन बुधवार को भी भगवान जिनेंद्र देव के अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर मुनिश्री समत्वसागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में धर्म, संयम और आत्मकल्याण का संदेश देते हुए कहा कि धार्मिक अनुष्ठान मनुष्य को आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में प्रेरित करते हैं। जीवन में धर्म, सदाचार और संयम को अपनाकर ही आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को परोपकार, सद्भाव और सभी जीवों के प्रति करुणा की भावना रखने की प्रेरणा दी।समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, भाजपा ब्रज क्षेत्र मंत्री वीना लवानियां एवं महिला आयोग की पूर्व सदस्य निर्मला दीक्षित सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद नवीन जैन, पीएनसी परिवार के मुखिया प्रदीप कुमार जैन एवं चक्रेश जैन ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन



संपूर्ण विश्व में शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की मंगल भावना के साथ किया गया है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के साथ ही आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने पीएनसी परिवार की ओर से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का विशेष धार्मिक आयोजन पहली बार किया गया है। विधान के माध्यम से देश-दुनिया से हिंसा, वैमनस्य और वैचारिक कटुता समाप्त होने तथा सभी के जीवन में शांति, प्रेम, अहिंसा और सद्भाव स्थापित होने की मंगलकामना की गई।इसके बाद विश्व शांति एवं जनकल्याण की भावना के साथ विधि-विधानपूर्वक विश्व शांति महायज्ञ आयोजित किया गया। मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञकुंड में आहुतियां समर्पित कर देश-दुनिया में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।महायज्ञ के पश्चात भगवान जिनेंद्र देव की भव्य रथयात्रा एवं पात्रों की शोभायात्रा निकाली गई।बैंड-बाजों,भक्ति संगीत और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा मुख्य पंडाल से प्रारंभ होकर महावीर पार्क,चक्रेश जी की कोठी के पास से होते हुए डी-ब्लॉक, श्रीराम चौक, टंकी चौराहा एवं कमला नगर के विभिन्न मार्गों से निकली।मार्ग में जगह- जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।नौ दिवसीय महाअनुष्ठान के समापन पर निकली रथयात्रा में श्रद्धा, भक्ति और आकर्षण का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा में सबसे आगे विधान महोत्सव का बैनर लेकर श्रद्धालु चल रहे थे। इसके पीछे ऊंटों पर सजे नगाड़े, सुंदर घोड़ियां, डीजे गाड़ियां और ढोल बजाने वाली टोलियां चल रही थीं। 12, 20 और 40 सदस्यीय बैंड सहित कई बैंडों ने अपनी मधुर धुनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रजत रथ, घोड़ों से सुसज्जित रथ और छाताधारी शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षण रहे। पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर शामिल हुईं।पीएनसी परिवार के मुखिया प्रदीप कुमार जैन अपने परिवार सहित पहली बग्गी पर तथा राज्यसभा सांसद नवीन जैन अपने परिवार सहित दूसरी बग्गी पर सवार रहे। चक्रेश जैन और योगेश कुमार जैन के परिवार भी अलग-अलग बग्गियों में शामिल हुए। परिवार की बुआ एवं अन्य रिश्तेदारों के लिए भी अलग से बग्गियों की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में परिवार की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान श्रीजी को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा में लेकर चलने का सौभाग्य महेंद्र इंद्र वैभव जैन को प्राप्त हुआ। पूरे मार्ग में पुष्पवर्षा, आरती और जयकारों से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रदीप जैन पीएनसी, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, चक्रेश जैन, योगेश जैन, जगदीश प्रसाद जैन, मनोज जैन बाकलीवाल, यशपाल जैन, सुभाष जैन, नरेश जैन, प्रवीण जैन, विमल चौधरी, सुबोध जैन, वैभव जैन, आनंद जैन, अभिनंदन जैन, अनिरुद्ध जैन, हर्षवर्धन जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, मीना जैन, रेनू जैन, माधवी जैन, आशिता जैन, ईशू जैन, निधि जैन, सलोनी जैन, मिताक्षरा जैन, मुन्नी जैन एवं प्रियंका जैन सहित समस्त पीएनसी परिवार के सदस्य, आगरा दिगंबर जैन परिषद के पदाधिकारी और आगरा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नौ दिवसीय इस महाअनुष्ठान का समापन भगवान जिनेंद्र देव की आराधना, विश्व शांति की मंगलभावना और धर्ममय वातावरण के बीच हुआ।



बूथ स्तर से शीर्ष नेतृत्व तक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान

आगरा। फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को रुनकता स्थित श्यामलाल इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा 'प्रबुद्ध जन महिला सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनीषा सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान से पधारीं विस्तारक मधु शर्मा उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता मधु शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा की विचारधारा, रीति-नीति तथा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को पार्टी संगठन में बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष मनीषा सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और संगठनात्मक सशक्तीकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की महिला हितैषी योजनाओं से मातृशक्ति को सीधा लाभ मिला है और आगामी योजनाएं भी उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगी। सम्मेलन में जिले के सभी मंडलों और बूथों पर महिला कार्यकताओं की जिम्मेदारियां तय करने तथा अधिक से अधिक महिला मतदाताओं को जागरूक कर उनकी मतदान में सहभागिता सुनिश्चित करने की कार्ययोजना पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में ब्रज क्षेत्र महामंत्री रंजना पवार, ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष उपमा गुप्ता व मुन्नी देवी, कोषाध्यक्ष हेमलता अग्रवाल, क्षेत्रीय सदस्य सुनीता सारस्वत, जिला उपाध्यक्ष भावना वरदान शर्मा, प्रतिमा राणा, रेनू चौहान, आशा अग्रवाल, राजेश्वरी बघेल, मंजू तोमर और विनोद कुमारी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध महिलाएं मौजूद रहीं।

आगरा के पपन चौधरी बने समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष



आगरा। समाजवादी पार्टी ने आगरा के पपन चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए समाजवादी मजदूर सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक द्वारा किया गया है। जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, आगरा के छावनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देवरी रोड स्थित नवल नगर (गुम्मट तख्ता पहलवान) निवासी पपन चौधरी पुत्र श्याम को यह दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने विश्वास जताया है कि पपन चौधरी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक मजबूती एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे। मनोनयन पत्र की प्रतिलिपि पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सचिव तथा सपा जिलाध्यक्ष आगरा को भी प्रेषित की गई है। पपन चौधरी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय सपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

जीजा-साले का गैंग करता था साथियों के साथ लूट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहाबाद।

थाना क्षेत्र में एक ही रात में तीन लूट करने वाले कार सवार जीजा साले के गैंग को मंगलवार की रात फतेहाबाद पुलिस, सर्विलांस टीम व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सरगना सहित चार लुटेरों को गिरफ्तार किया गया और घटना में प्रयुक्त कार व कटर प्लास तीन मोबाइल सहित नगदी बरामद की।



डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि योगेश पुत्र जगत सिंह देवासी सोहल्ला आगरा कैंट थाना सदर आगरा ने थाना फतेहाबाद में तहरीर देकर बताया था कि वह सोमवार को बटेश्वर धाम बाह से दर्शन करके वापस आ रहे थे। तभी रात्रि 1:30 बजे के करीब कस्बा फतेहाबाद की अवंती चौराहे के पास कार सवार चार बदमाशों ने पकड़ लिया और उससे आगे ले जाकर डरा धमकाकर हाथ की सोने की अंगूठी जेब में रखे 15000 रुपये और मोबाइल लूटकर ले गए। वहीं जयवीर पुत्र प्रमोद सिंह निवासी राजाकापुरा थाना फतेहाबाद ने तहरीर देकर बताया कि 23 नवंबर को रात्रि 11:45 बजे के करीब गुड़गांव से नौकरी करके वापस आते समय कस्बा के भगवान देवी स्कूल सारंगपुर रोड पर कार सवार चार लोगों ने डरा धमकाकर उसे जबरदस्ती मोबाइल और जेब में रखे ?830 लूट ले गए। वहीं उसके समय बाद 11:50 बजे की करीब रात्रि में सारंगपुर स्टेशन के पास रवि पुत्र नेमीचंद निवासी टंकी चौराहा मेवली कलां थाना डौकी के साथ भी इन्ही कार सवार बदमाशों ने रवि और उसके साथी को डरा धमका कर रवि के कान की सोने की बाली लूट ले गए। वहीं सभी मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया था। और लुटेरा को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई थी। मंगलवार की रात्रि फतेहाबाद पुलिस चेकिंग कर रही थी इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि कार सवार चारों लूटेरे खड़े होकर योजना बना रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम रेलवे स्टेशन अंडरपास सारंगपुर रोड के पास पहुँची और कार सवार चारों बदमाशों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया जिसे नाम पता पूछने पर पवन ठाकुर पुत्र पूरन सिंह निवासी कांकरपुरा थाना निबोहरा, साला सूरज ठाकुर पुत्र राकेश निवासी मधपुर थाना शमशाबाद,दोस्त देवांश ठाकुर पुत्र रामनरेश, जितेंद्र चौहान पुत्र यशपाल निवासी लालपुरा थाना निबोहरा बताया। जिनके कब्जे से लूट की सोने की बाली, 6340 रुपये तीन मोबाइल ,एक कटर तथा प्लास बरामद किया गया है। वहीं पूछताछ करने पर पुलिस को पवन ठाकुर ने बताया कि वह दिल्ली में खुद की टैक्सी कार चलाता है तथा उसने अपने साले सूरज व दोस्त देवांश, जितेंद्र के साथ मिलकर लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे का मुख्य महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण, सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहाबाद।

बुधवार को यूपीडा के मुख्य महाप्रबंधक (पश्चिमी) सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन राजेश कुमार पाण्डेय ने पूरी टीम के साथ आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेस्ट एरिया-104, रेस्ट एरिया-101 और टोल प्लाजा-21 का निरीक्षण करते हुए किलोमीटर शून्य तक एक्सप्रेसवे का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के बाद टोल प्लाजा-21 पर संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, दुर्घटना नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और एटीएमएस व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान निरीक्षण में सामने आई कमियों



और सुधार योग्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मुख्य महाप्रबंधक ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी कमियों का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए। उन्होंने एक्सप्रेसवे पर नियमित पेट्रोलिंग, दुर्घटना एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता, एटीएमएस उपकरणों की सुचारु कार्यशीलता और सड़क सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट कहा कि एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी और कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर बनाएं, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। बैठक में मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रथम रमेश नाथ सिंह, सुरक्षा अधिकारी प्रथम राधामोहन द्विवेदी, एसएसडी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद धनगर, पीआईयू-1 के सभी अधिकारी, एटलस कंपनी और कंसल्टेंसी कंपनी के अधिकारीगण मौजूद रहे।

मां कैला देवी इंटर कॉलेज में विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने किया जनसंपर्क, विकास कार्यों की दी जानकारी



आगरा। सती नगर स्थित मां कैला देवी इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में भाजपा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने क्षेत्र की जनता से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं को सुना और अब तक कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था समेत जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी उन्होंने लोगों को दी। साथ ही क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में अशोक सविता जी, दिलीप शर्मा, प्रियांशु प्रजापति सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने भी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और जनता से लगातार संपर्क बनाए रखने को लेकर अपनी बात रखी।

कैला देवी मंदिर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का शिविर, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर



आगरा। विधानसभा क्षेत्र के शहरी भाग स्थित प्रकाश नगर के कैला देवी मंदिर परिसर में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने पहुंचकर केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से गरीब, जरूरतमंद, किसान, महिला, युवा और अन्य पात्र लोगों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि पात्र लाभार्थी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविर में एत्मादपुर एसडीएम सुमित सिंह, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अधिकारियों एवं पदाधिकारियों ने भी लोगों को योजनाओं की प्रक्रिया और पात्रता के संबंध में जानकारी दी।

रबी फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

आगरा। रबी मौसम में अधिसूचित फसलों को प्राकृतिक आपदाओं और प्रतिकूल मौसम से होने वाली क्षति से बचाने के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए जनपद में एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को योजना की कार्यान्वयन एजेंसी नामित किया गया है। रबी सीजन के लिए जिले में गेहूं, चना, सरसों और आलू की फसलों को अधिसूचित किया गया है। विभागीय विवरण के अनुसार, प्रति हेक्टेयर बीमित राशि और किसान द्वारा देय प्रीमियम की दरें तय कर दी गई हैं। इसके तहत गेहूं पर 88,400 रुपये के बीमित कवर के लिए 1.5 प्रतिशत की दर से 1,326 रुपये, चना पर 96,100 रुपये के कवर के लिए 1,441.50 रुपये तथा सरसों पर 1,15,000 रुपये के कवर के लिए 1,725 रुपये प्रीमियम निर्धारित है। वहीं, आलू की फसल पर 2,24,000 रुपये के बीमित कवर के लिए 5 प्रतिशत की दर से 11,200 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम देय होगा। उप कृषि निदेशक ने स्पष्ट किया कि जो ऋणी किसान इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें अंतिम तिथि से सात दिन पूर्व यानी 24 दिसंबर 2026 तक अपनी संबंधित बैंक शाखा में लिखित सूचना देनी होगी। अन्यथा बैंक द्वारा स्वतः प्रीमियम काटकर उनका बीमा कर दिया जाएगा। गैर-ऋणी किसान जनसेवा केंद्र, बैंक शाखा अथवा स्वयं ऑनलाइन माध्यम से 31 दिसंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय आपदा या भारी बारिश से फसल खराब होने पर 72 घंटे के भीतर योजना के टोल फ्री नंबर 14447 पर और कृषि विभाग को लिखित सूचना देना अनिवार्य है। योजना से जुड़ी अन्य जानकारी के लिए किसान बीमा कंपनी की जनपद प्रतिनिधि रवीना चौधरी (मो. 8529766209) से संपर्क कर सकते हैं।

सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

आगरा। चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए भीतर से नल की टोटियों से लेकर बिजली की वायरिंग और अन्य सामान तक समेट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मकान मालिक और आसपास के लोगों में चोरी की बढ़ती वारदातों को लेकर चिंता व्याप्त है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मकान के बंद होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर भीतर दाखिल हुए और वहां से घरेलू फिटिंग व उपयोगी सामान चुरा ले गए। चोरों ने मकान में लगे नल और बिजली के तार तक उखाड़ लिए, जिससे मकान को खासा नुकसान पहुंचा है।

आगरा कमिश्नरेट से आईपीएस आदित्य बदायूं भेजे गए, शिवा सिंह संभालेंगी जिम्मेदारी

लखनऊ/आगरा। उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए शासन ने बुधवार को 28 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। जारी सूची में 10 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और 18 प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के अधिकारी शामिल हैं। इस फेरबदल के तहत आगरा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) आदित्य को बदायूं का नया अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नियुक्त किया गया है, जबकि कानपुर नगर कमिश्नरेट से आईपीएस शिवा सिंह को आगरा कमिश्नरेट का नया एडीसीपी बनाया गया है।

शासन द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक, 2020, 2021 और 2022 बैच के दस आईपीएस अधिकारियों को विभिन्न कमिश्नरेट, जनपदों और मुख्यालयों में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस बदलाव में लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के साथ ही मेरठ, मुरादाबाद, आजमगढ़, मऊ, अलीगढ़, मथुरा, शाहजहांपुर और बदायूं सहित कई जिलों

- तबादला सूची में 10 आईपीएस और 18 पीपीएस अधिकारी शामिल, लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद व नोएडा समेत कई जिलों में हुए अहम बदलाव

के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। आगरा कमिश्नरेट में तैनात 2021 बैच के युवा आईपीएस अधिकारी आदित्य अपने कार्यकाल के दौरान डीसीपी वेस्ट के प्रभार के साथ-साथ पुलिस लाइन, कानून-व्यवस्था और साइबर क्राइम से जुड़े अहम दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। अब उन्हें बदायूं में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, बदायूं में अब तक इस पद पर तैनात डॉ. हृदयेश कठेरिया को स्थानांतरित कर लखनऊ स्थित यातायात निदेशालय भेजा गया है। आगरा कमिश्नरेट में आदित्य का स्थान लेने वाली 2020 बैच की आईपीएस अधिकारी शिवा सिंह इससे पूर्व कानपुर नगर कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर कार्यरत थीं।



हाथवंत में 324 लाभार्थियों को मिले आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक हाथवंत परिसर में आयोजित जनकल्याणकारी शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्र लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 76 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के 248 लाभार्थियों सहित कुल 324 लोगों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। पक्के मकान पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सुरेश कुमार ने की। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शिव गोविंद सिंह ने लाभार्थियों को आवास निर्माण की प्रक्रिया एवं शासन की गाइडलाइन की जानकारी दी।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश, बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहाबाद।

तहसील फतेहाबाद में बुधवार को तहसीलदार शिखर मिश्रा ने बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की बूथवार समीक्षा की। इस दौरान फार्म संख्या 6, 7 और 8 के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा में जिन भाग संख्याओं में कार्य की प्रगति कम पाई गई, वहां संबंधित बीएलओ और सुपरवाइजरों को विशेष ध्यान देकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटने न पाए। वहीं, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने और संशोधन से संबंधित आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत निस्तारण किया जाए। उन्होंने लंबित कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बीएलओ और सुपरवाइजरों को डेमोग्राफिक सिंगल एंट्री और फोटोग्राफिक एंट्री के निस्तारण की प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्हें इन प्रविष्टियों का सावधानीपूर्वक और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार निस्तारण करने की जानकारी दी गई, जिससे मतदाता सूची त्रुटिरहित रहे। इसके बाद तहसीलदार शिखर मिश्रा ने जनगणना कार्य के लिए नियुक्त प्रगणकों और सुपरवाइजरों को आवश्यक किट वितरित कीं। उन्होंने कर्मचारियों को जनगणना कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने और अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

अवैध तमंचा और कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। अवैध शस्त्रों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में आठ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विलहना से भट्टा रोड जाने वाले रास्ते के पास घेराबंदी कर अजय उर्फ अजुआ पुत्र डम्बर सिंह निवासी नगला उदी, थाना बसई मोहम्मदपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ वर्ष 2011 से वर्ष 2026 तक एनडीपीएस एक्ट, आयुध अधिनियम, आबकारी अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में आठ मुकदमे दर्ज हैं।

28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान, 16 दिसंबर तक चलेगी पुनरीक्षण प्रक्रिया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची को पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने के साथ ही पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पुनरीक्षण कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों का विवरण प्रपत्र-9, 10 एवं 11/11ए के अनुसार वेबसाइट और पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे राजनीतिक दल बूथवार स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकें। जिन बूथों पर आवेदन कम या शून्य हैं, वहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची में नाम, पिता-पति के नाम, संबंध एवं आयु संबंधी त्रुटियों के साथ ही कुछ बीएलओ की सक्रियता को लेकर समस्याएं और सुझाव रखे। इस पर डीएम ने स्पष्ट किया कि वर्तमान व्यवस्था में स्वतः संशोधन का प्रावधान नहीं है। मतदाता सूची में सही प्रविष्टि के लिए प्रपत्र-8 के माध्यम से आवेदन करना होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सही तरीके से प्राप्त प्रपत्र-8 के आवेदनों का शत-प्रतिशत शुद्धिकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता पंजीकरण के लिए पूर्व वर्षों की मतदाता सूची अथवा माता-पिता व दादा-दादी के विवरण से वंशावली सिद्ध करना अनिवार्य नहीं है। सामान्य प्रपत्र के साथ निवास एवं पहचान संबंधी प्रमाण देकर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आगामी 28 एवं 29 नवंबर को विशेष अभियान में सक्रिय सहयोग करने तथा 16 दिसंबर तक चलने वाली पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा से राघवेंद्र सिंह, सपा जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ. विजय आर्य, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, जिला महासचिव शैलेंद्र शुक्ला, कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी के जिला महामंत्री नवल सिंह एडवोकेट, बसपा आगरा मंडल जोन प्रभारी अखिलेश कुमार, एबरन सिंह जाटव, अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल, एसडीएम अवधेश निगम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



क्या आप अचानक बेहोश हुए हैं? इसे बीपी न समझें दिल की बीमारियों का है इशारा

अगर आप या आपका कोई जानने वाला अचानक बेहोश हुआ है, तो आपको तुरंत दिल के डॉक्टर से मिलना चाहिए क्योंकि यह किसी खतरनाक दिल के रोग का संकेत हो सकता है।

सिंकोप, जिसे सामान्य भाषा में बेहोशी भी कहते हैं एक बहुत आम समस्या है। वैसे तो बेहोशी किसी को भी आ सकती है, और आम तौर से इसका कोई नुकसान भी नहीं होता है। बेहोशी का सबसे आम कारण ब्लड प्रेशर कम हो जाना या दिमाग में खून की आपूर्ति कम हो जाना है। लेकिन कभी-कभी बेहोशी किसी गंभीर समस्या का भी संकेत हो सकती है। हालांकि, कुछ मामलो में ये समस्या खतरनाक और भयावह रूप भी ले सकती है जिसका संबंध दिल की समस्या से भी हो सकता है।

सिंकोपी अचानक से होने वाली स्थिति है जिसमे व्यक्ति लड़खड़ाने लगता है और बेहोश हो जाता है, और जैसे ही उसे होश वापस आता है, वह ठीक हो जाता है। यह समस्या अररिथमिया के भी संकेत हो सकते है, जिसमे हृदय असामान्य रूप से धड़कने लगता है। यदि इसे नजरंदाज किया जाए, तो इसके गंभीर परिणाम निकल सकते हैं और व्यक्ति को अचानक स्ट्रोक या कार्डियेक अरेस्ट पड़ सकता है।

बेहोशी दिल के लिए क्यों है खतरनाक

बेहोशी अलग-अलग व्यक्तियों को अलग-अलग कारणों से हो सकती है। लेकिन यदि बार-बार ऐसा होता है, तो यह दिल या ब्लड वेसल की समस्या का संकेत हो सकता है। यह एक बड़ी गलतफहमी यह भी है की सिंकोपी केवल न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के कारण होती है। इसके कारण बहुत कम मरीज ही प्राथमिक चरण में कार्डियोलॉजिस्ट के पास पहुँच पाते हैं। कार्डियेक सिंकोप अक्सर अचानक होती है, और मरीज को चक्कर आने या बेहोशी का कोई भी पूर्व लक्षण महसूस नहीं होता है। इसलिए इस समस्या का कारण जानने के लिए उचित निदान कराया जाना बहुत जरूरी है।

बेहोशी के चेतावनी के संकेत

- तेजी से दिल धड़कना
- मितली आना
- आँखों के आगे अंधेरा छाना
- सिर घूमना
- अचानक गिर पड़ना
- चक्कर आना
- कमजोरी
- अस्थिर महसूस करना
- दृष्टि में परिवर्तन
- सिरदर्द
- त्वचा का फीका पड़ना
- घबराहट

बेहोशी के मुख्य कारण

अरिथमिया- बेहोशी अरिथमिया के शुरुआती लक्षणों में से एक है, जिसमें शरीर के दूसरे हिस्सों को खून की आपूर्ति असामान्य हो जाती है। कई मामलों में यह कोई नुकसान नहीं पहुँचाता है, लेकिन यदि इसे समय पर न पहचाना जाए या इसका इलाज न कराया जाए, तो उसके परिणाम जानलेवा भी हो सकता है।

आयोर्टिक डिसेक्शन- यह स्थिति बहुत तब होती है जब दिल से शरीर के दूसरे हिस्सों को खून पहुँचाने वाली बड़ी आर्टरी फट जाती है। इसके शुरुआती लक्षणों में बेहोशी भी शामिल है।

आयोर्टिक वॉल्व स्टेनोसिस- इस स्थिति में हृदय और आयोर्टा के बीच का वॉल्व संकरा हो जाता है। यह जन्म के समय या वृद्धावस्था में हुआ करता है।

बड़ी चोटें- बेहोशी आने पर गिरकर गंभीर चोट लगने की संभावना होती है। यह चोट अगर सिर में या हड्डी में लगे तो स्थिति खतरनाक हो सकती है।



बेहोशी को कैसे कंट्रोल करें

- बेहोश होने का रिकॉर्ड रखें और इसके कारणों को जानने का प्रयास करें। बेहोशी की किसी भी घटना के जानलेवा परिणाम हो सकते हैं, इसलिए इन्हें नजरंदाज नहीं करना चाहिए।
- यदि सिंकोप का कोई भी पूर्व लक्षण जैसे चक्कर, मितली, अत्यधिक कमजोरी, थकान, या दृष्टि में परिवर्तन महसूस हो, तो विशेष की राय लें।
- अचानक बेहोश हो जाने पर फौरन बैठ जाएं या लेट जाएं ताकि चोट न लगे। इससे दिमाग में खून का सर्कुलेशन भी बढ़ जाएगा।
- सिंकोप जीवनशैली में परिवर्तन, दवाईयों, और इलाज द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए स्वस्थ आहार लेना, स्वस्थ वजन बनाए रखना, पूरी नींद लेना, और नियमित तौर से व्यायाम करना बहुत जरूरी है।
- यदि आँखों के सामने अंधेरा ब्लड प्रेशर नियंत्रण के असामान्य न्यूरोलॉजिकल रैगुलेशन के कारण हो रहा है, तो व्यक्ति को सामान्य घरेलू उपायों, जैसे नमक का सेवन बढ़ाने, भरपूर पानी पीने, और अन्य सुरक्षा सावधानियाँ बरतने की जरूरत है।
- यदि सिंकोपी दिल की धड़कन बहुत मंद हो जाने (ब्रैडीकार्डिया) के कारण होती है, तो उसका मानक इलाज एक पेसमेकर लगाकर किया जाता है। पेसमेकर एक छोटा सा उपकरण होता है, जो हृदय को शक्तिशाली इलेक्ट्रिकल सिग्नल भेजकर अनियमित हृदय स्पंदनों को नियंत्रित करता है।

वीगन चाय के साथ करें सुबह की शुरूआत



दुनिया भर में वीगनिज़्म बहुत तेजी से बढ़ रहा है। फिट रहने और वजन कम करने के लिए यह डाइट फिटनेस इंडस्ट्री में काफी फॉलो की जा रही है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आप में से बहुत से लोग भी वीगन डाइट फॉलो करते होंगे। पर क्या वीगनिज़्म के कारण आप अपनी मसाला चाय मिस करती हैं? तो हम आपके लिए लाए हैं टोटल वीगन टी। जो न सिर्फ हेल्दी है, बल्कि टेस्टी भी है। और इसमें आपकी मसाला चाय के सारे गुण हैं। तो फिर देर किस बात की, आइए जानते हैं वीगन चाय की रेसिपी और उसके फायदे।

क्या है वीगन चाय?

दुनिया भर में वीगनिज़्म तेजी से बढ़ रहा है। इसमें लोग केवल प्लांट बेस्ड फूड का ही सेवन करते हैं। जबकि साधारणत: चाय बनाने के लिए डेयरी मिल्क यानी पशुओं से प्राप्त दूध का प्रयोग किया जाता है। वीगन चाय बनाने के लिए आप पशुओं से प्राप्त दूध की बजाए प्लांट बेस्ड मिल्क जैसे सोया मिल्क या आल्मंड मिल्क का इस्तेमाल किया जाता है। ये चाय उन लोगों के लिए भी फायदेमंद है लो लेक्टोज इंटोलरेंस हैं।

क्यों स्पेशल है वीगन चाय

- यह चाय एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जिससे आप जल्दी बीमार नहीं पड़ेंगे। वीगन चाय हाई ब्लड प्रेशर और मधुमेह के रोगियों के लिए श्रेष्ठ विकल्प है।
- दूध की चाय की तुलना में वीगन चाय में कम फैट होता है, जिससे आपका कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है। इससे वजन कम और हृदय स्वस्थ रहता है।
- दुनिया भर में शाकाहार के प्रति बढ़ते रुझान और जागरुकता के कारण भी इस चाय को पसंद किया जा रहा है। यह आपको पर्यावरण के प्रति ज्यादा संवेदनशील भी बनाती है। यह कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है।
- इस चाय के सेवन से एसिडिटी, जलन या अन्य पेट के रोग नहीं होते हैं। यह आपके कैलरी इंटेक को भी कम रखता है।

वीगन चाय के लिए आपको चाहिए

वीगन मिल्क जैसे बादाम का दूध या सोया मिल्क - 1 कप
पानी - 1/4 कप
चाय पत्ती - 1 छोटी चम्मच
ब्राउन शुगर या गुड़ - स्वादानुसार
चाय मसाला- 1/2 छोटी चम्मच
अदरक - 1 छोटा टुकड़ा
पुदीना पत्ता - 3 या 4 पत्ते

बनाने की विधि

- एक पतीले में पानी डालकर गैस ऑन कर लें।
- अब पानी में चाय पत्ती, ब्राउन शुगर या गुड़ डालकर उबाल आने दें।
- पानी उबलते ही उसमें चाय मसाला डालें। अदरक का टुकड़ा भी घिसकर डाल दें।
- साथ में पुदीने के पत्ते को मसलकर पानी में डालें और थोड़ी देर पकाएं।
- रंग और खुशबू आते ही आंच धीमी कर दें।
- अब आप बादाम का दूध या सोया मिल्क डाल सकते हैं।
- दूध डालते ही बिना रुके चाय को चम्मच से हिलाते रहें। ध्यान रखें कि आंच धीमी ही रहे।
- तेज आंच पर पकाने या उबाल आने पर इसमें कड़वापन आने का डर रहता है।
- 2-3 मिनट बाद या उबाल आने से पहले ही गैस बंद कर दें।
- चाय को कप में छान लें और गरमा गरम पिएं।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है काम का तनाव

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के मुताबिक 1.9 मिलियन लोगों की मौत के लिए लंबे समय तक काम करना और इससे हुई बीमारियां जिम्मेदार हैं। ये आंकड़े हैरान करने वाले हैं, लेकिन यह सच है कि आपके काम करने के घंटे, काम संबंधी स्ट्रैस और आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इससे पड़ने वाला प्रभाव - आपके लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

लंबे समय तक काम करना पड़ सकता है भारी

डब्ल्यूएचओ और आईएलओ की वर्क रेलटेड बर्डे न ऑफ डिजीज एंड इंजरी 2021-2022 के अनुसार काम से संबंधित मौतों में से अधिकांश श्वसन और हृदय रोग के कारण हुई हैं। इस अध्ययन में 19 व्यावसायिक जोखिम कारकों पर विचार किया गया है, जिसमें लंबे समय तक काम करने के घंटे और कार्यस्थल पर वायु प्रदूषण, अस्थमा, कार्सिनोजेन्स, एर्गोनोमिक जोखिम कारक शामिल थे। मुख्य जोखिम लंबे समय तक काम करने का था - जिससे लगभग 750,000 लोगों की मृत्यु हुई।

काम से जुड़ी समस्याएं हमारे शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। ऑफिस या वर्क लाइफ से संबंधी ऐसे कई कारक हैं जो हमें प्रभावित कर सकते हैं जैसे - लंबे समय तक काम करना या ओवरटाइम करना, काम का प्रैशर और तनाव, ऑफिस में भेदभाव, कम सैलरी, आदि। यहां तक कि लंबे समय तक बैठे रहना, फिजिकल एक्टिविटी की कमी भी आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए घातक है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्येयियस ने कहा, ''इतने सारे लोगों को सचमुच उनकी नौकरी की वजह से मरते हुए देखना चौंकाने वाला है।'' आप काम से जुड़े इस तनाव को कैसे कम कर सकते हैं, कुछ टिप्स

न कहना सीखें

ऑफिस में काम करते समय प्रैशर महसूस करना सामान्य बात है। ऐसे में काम इतना ज्यादा होता है कि वर्किंग आवर्स पता नहीं लगते हैं। मगर अपनी सीमाएं निर्धारित करें और अतिरिक्त काम को न कहना सीखें।

ब्रेक जरूर लें

काम के बीच में ब्रेक लेना आवश्यक है! भले ही काम कितना भी ज्यादा हो 5-10 मिनट के लिए खुद के लिए वक्त निकालें, ऑफिस में वॉक करें या फाइल्स देने के लिए खुद जाएं। कोशिश करें एक्टिव रहने की, और ब्रेक लें! ये आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

अपने हक के लिए आवाज उठाएं

अगर आपके साथ ऑफिस में किसी तरह का भेदभाव हो रहा है तो उसके प्रति आवाज उठाएं, अपनी बात रखें। यदि आप स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं तो काम से एक या दो दिन का ऑफ लें, ये आपके लिए जरूरी है!





बॉडी पॉश्चर का मतलब होता है कि विभिन्न शारीरिक गतिविधियां करते समय आपके शरीर की स्थिति कैसी होती है.सही पॉश्चर वही है, जिसमें इस तरह से खड़ा हुआ जाये, चला जाये और बैठा जाये कि शरीर की मांसपेशियों और लिगामेंट्स पर दबाव न पड़े.हमेशा इस बात का ख्याल रखें कि रीढ़ की हड्डी सीधी रहे और शरीर के किसी अंग पर दबाव न पड़े.

गलत पॉश्चर से हो सकती है कमर दर्द और सर्वाइकल स्पॉन्डलाइटिस की समस्या

गलत पॉश्चर से कमर दर्द और सर्वाइकल स्पॉन्डलाइटिस की समस्या हो जाती है, हड्डियों का विकास सामान्य से अधिक हो जाता है, जिससे हड्डियों के बढ़ जाने की समस्या हो जाती है.गलत पॉश्चर आपके स्वास्थ्य के साथ-साथ आपके लुक के लिए भी हानिकारक है.जिन लोगों का पॉश्चर सही होता है, वे ज्यादा युवा दिखायी देते हैं.जिन लोगों का पॉश्चर सही नहीं होता, वो न सिर्फ अपनी उम्र से बड़े नजर आने लगते हैं, बल्कि वे खुद ऐसा महसूस भी करने लगते हैं.उनमें आत्मविश्वास की कमी भी दिखायी देती है. सही पॉश्चर शरीर के बेहतर संतुलन के लिए भी जरूरी है.

अलग-अलग स्थितियों में बॉडी पॉश्चर

अधिकतर लोगों को यही पता नहीं होता कि सही पॉश्चर क्या होता है.इसके लिए जरूरी है कि विभिन्न स्थितियों में शरीर के सही पॉश्चर को जानें और उसे अपनी आदत में शामिल करें.

बैठने की स्थिति

हमेशा कमर व पीठ सीधी और कंधे पीछे की ओर करके बैठें.शरीर का भार दोनों नितंबों पर बराबर हो.हर 30 मिनट के बाद अपनी पोजीशन यानी स्थिति बदलें.अगर आप कुर्सी पर बैठे हों तो दोनों पैरों को फर्श पर फैला लें.

सोते समय भी रखें ख्याल

हमेशा पीठ के बल सोएं.पेट के बल सोने से गर्दन और कमर का पॉश्चर खराब हो जाता है.तकिया सिर के नीचे हो, कंधे के नीचे नहीं.ज्यादा मुलायम गद्दे पर न सोएं, इससे रीढ़ की हड्डी में तकलीफ हो सकती है.

खड़े होते समय

खड़े होते समय सीना बाहर की ओर व पेट अंदर की तरफ हो.इस बात का ध्यान रखें कि कमर सीधी हो, घुटने भी मुड़े हुए न हों. लंबे समय तक एक ही स्थिति में खड़े होने से बचें.

पढ़ते समय

पढ़ते समय सिर को किताब में न गाड़ें. इससे गर्दन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है. पढ़ते समय कमर हमेशा सीधी रखें.झुक कर पढ़ने से कमर और गर्दन में दर्द होने की आशंका काफी बढ़ जाती है.

चलते समय रखें ध्यान

हम अपनी जिंदगी में पता नहीं कितने मीलों चलते हैं, लेकिन शायद ही कभी इस बात का ख्याल रखते हैं कि चलते समय हमारा पॉश्चर कैसा होता है.चलने का सबसे सही पॉश्चर है, कंधों को सीधा रखें.सिर कंधों के ऊपर हो, रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी. चलते समय पैर सीधी रखें, घुटनों की ओर से मुड़े हुए नहीं.

दौड़ते समय इन बातों का रखें ख्याल

दौड़ते समय भी इस बात का ध्यान रखें कि आपका पॉश्चर एकदम सही हो.गलत पॉश्चर से मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है.खासकर दौड़ते समय पीठ एकदम सीधी होनी चाहिए.हाथ खुले न हों, दोनों हाथों की मुट्ठियां बंधी हुई हों और दौड़ते समय दोनों हाथों की पोजीशन एक जैसी होनी चाहिए.

योगासन है कारगर

पद्मासन : शरीर के पॉश्चर को ठीक रखने में योग भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.पद्मासन या कमल आसन बैठ कर की जाने वाली योग मुद्रा है.इस आसन को करने से मन शांत व ध्यान गहरा होता है.इससे कई शारीरिक समस्याओं से आराम मिलता है.

पद्मासन करने की प्रक्रिया

- पैरों को सामने की ओर फैला कर योगा मैट या जमीन पर बैठ जाएं, ध्यान रहे रीढ़ की हड्डी सीधी रहे.
- दाहिने घुटने को मोड़े और बायें जांघ पर रख दें, ध्यान रहे कि एड़ी पेट से सटी हो और पांव का तलवा ऊपर की ओर हो.
- अब यही प्रक्रिया दूसरे पैर के साथ दोहराएं.
- दोनों पैरों को मोड़ें, पांव विपरीत जांघों पर, हाथों को मुद्रा स्थिति में घुटनों पर रखें.
- सिर सीधा व रीढ़ की हड्डी सीधी रहे.
- इसी स्थिति में बने रह कर गहरी सांस लेते रहें.
- पदमासन और वज्रासन रीढ़ की हड्डी को सीधा रखने में काफी कारगर साबित होते हैं.ताड़ासन बॉडी को स्ट्रेच करने में और कमर दर्द तथा गर्दन दर्द से छुटकारा दिलाने में काफी सहायता करता है.जिन लोगों का पॉश्चर गलत है, वे सही पॉश्चर को पहचानें.इन्हें प्रतिदिन करने से शरीर का पॉश्चर बिल्कुल ठीक रहता है. इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है.

गलत पॉश्चर के दुष्परिणाम

- कमर के निचले हिस्से और गर्दन में दर्द.
- कूबड़ निकल आना.
- मांसपेशियों का खींच जाना या छोटा हो जाना और लंबे समय तक ठीक से काम नहीं कर पाना.
- फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित होना, जिससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाना.
- रीढ़ की हड्डी का अलाइनमेंट बिगड़ जाना.
- तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली प्रभावित होना.
- लगातार झुक कर बैठना कब्ज का कारण बन सकता है.
- जोड़ों में दर्द, जो आगे गठिया रोग में बदल जाता है.

कंप्यूटर-गैजेट्स प्रयोग करते समय रखें ध्यान

आज कंप्यूटर और लैपटॉप हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन इनका इस्तेमाल करते समय एरगोनॉमिक्स ठीक रखना जरूरी है. एरगोनॉमिक्स में आता है कि आप कंप्यूटर पर काम करते समय कैसे बैठें, कंप्यूटर पर काम करते हुए कमर सीधी करके बैठें और स्क्रीन आंखों से 15 डिग्री नीचे की तरफ होना चाहिए.स्क्रीन ओर आंखों के बीच करीब 2 फुट की दूरी होनी चाहिए.हर दो घंटे के बाद एक ब्रेक जरूर लें.

उपचार

आदतें आसानी से नहीं छूटतीं हैं, खास कर बुरी आदतें, ऐसे में उपचार के लिए आये व्यक्ति को क्लिनिक में सबसे पहले सही पॉश्चर की जानकारी दी जाती है. उसे सही पॉश्चर का अभ्यास करवाया जाता है, फिर मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करवाते हैं.



सिराज को प्लेइंग-11 से बाहर रखने पर बीसीसीआई की सफाई

राजीव शुक्ला बोले- चयन करना कोच और कप्तान का काम



एजेंसी, नई दिल्ली।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए हालिया टेस्ट मैच में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को प्लेइंग-11 से बाहर रखने का फैसला लगातार चर्चा में है। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सिराज को चयन से जुड़े विवाद में बेवजह नहीं घसीटना चाहिए। प्लेइंग-11 का चयन करना कोच और कप्तान का काम है और इसमें कई परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाता है।

चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था भारत

दरअसल, वेलिंगटन टेस्ट में भारतीय टीम ने चार तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और युवा गेंदबाज अंशुल कंबोज को मौका दिया था। हालांकि, 48 टेस्ट मैचों का अनुभव रखने वाले मोहम्मद सिराज को टीम से बाहर रखा गया। इस फैसले पर पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाए थे। भारत ने पहली पारी में नौ विकेट पर 720 रन बनाकर पारी घोषित की थी, लेकिन इसके बावजूद टीम न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में ऑलआउट नहीं कर सकी। मेजबान टीम ने पांच विकेट पर 239 रन बनाकर मुकाबला ड्रॉ करा लिया। इस नतीजे के बाद भारतीय टीम के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को भी झटका लगा।

सिराज को विवाद में घसीटना ठीक नहीं: शुक्ला

पीटीआई से बातचीत में राजीव शुक्ला ने कहा कि मोहम्मद सिराज को किसी भी तरह के विवाद में शामिल करना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि सिराज को किसी तरह के विवाद में घसीटना चाहिए। यह ठीक नहीं है। प्लेइंग-11 का चयन कोच और कप्तान को करना होता है। किसी खिलाड़ी को बेवजह इस तरह के विवाद में लाना अच्छी बात नहीं है।' शुक्ला ने उन अटकलों को भी खारिज किया, जिनमें सिराज को बाहर रखने के पीछे क्रिकेट से इतर कारण बताए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। सिराज टीम का हिस्सा हैं और प्लेइंग-11 का फैसला पिच की स्थिति, विकेट के व्यवहार और मैच की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया जाता है।

गावस्कर और शास्त्री ने भी उठाए थे सवाल

सिराज को प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिलने पर पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस फैसले को स्वीकार करना मुश्किल बताया था। वहीं, पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी सिराज के अनुभव, आक्रामकता और सीम मूवमेंट का फायदा उठाने की क्षमता का हवाला देते हुए टीम प्रबंधन के फैसले पर सवाल उठाए थे।

वैभव सूर्यवंशी की पारी के मुरीद हुए राजीव शुक्ला

राजीव शुक्ला ने इस दौरान युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की भी जमकर तारीफ की। यूएई के खिलाफ 53 गेंदों में 200 रन की ऐतिहासिक पारी खेलने वाले वैभव को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इतनी कम गेंदों में 200 से ज्यादा रन बनाना आसान नहीं है। शुक्ला के मुताबिक, वैभव की इस उपलब्धि की वजह से दुनिया के कई दिग्गज बल्लेबाजों ने भी उनकी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वैभव ने जिस तरह का क्रिकेट खेला है, उससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को मजबूती मिलेगी और उनका अपना करियर भी बेहतर दिशा में आगे बढ़ेगा।

टीम में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक मानते हैं शुक्ला

भारतीय टीम में खिलाड़ियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा को लेकर पूछे गए सवाल पर शुक्ला ने कहा कि देश में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लगातार नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं और इसे आपसी प्रतिस्पर्धा के बजाय भारतीय क्रिकेट के विकास के तौर पर देखना चाहिए। उन्होंने युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का उदाहरण देते हुए कहा कि वह भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और कई खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में अपना योगदान दे रहे हैं। शुक्ला ने कहा कि सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सामूहिक रूप से देखना चाहिए, क्योंकि भारतीय क्रिकेट के लिए यह अच्छी बात है कि लगातार प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी इसी नई प्रतिभा की ताजा मिसाल हैं।

आईपीएल नीलामी के लिए 1220 खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

मुंबई। आईपीएल 2027 की नीलामी के लिए कुल 1220 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, इस सूची में 939 भारतीय और 17 देशों के 281 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। हालांकि, इन सभी खिलाड़ियों को नीलामी में जगह नहीं मिलेगी। फ्रेंचाइजी अब रजिस्ट्रेशन कराने वाले खिलाड़ियों में से अपनी पसंद के नाम बीसीसीआई को भेजेंगी। इसके बाद अंतिम नीलामी सूची जारी की जाएगी। नीलामी से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी ने कुल 184 खिलाड़ियों को रिटेन किया। अब अधिकतम 66 खिलाड़ियों के स्लॉट खाली हैं और इनमें 25 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हैं। यानी नीलामी में टीमों के पास इन खाली जगहों को भरने का मौका होगा। बीसीसीआई के मुताबिक, अंतिम नीलामी सूची और खिलाड़ियों के सेट चार दिसंबर 2026 को जारी किए जाएंगे। इसमें उन खिलाड़ियों के नाम होंगे, जिन्हें फ्रेंचाइजी की ओर से अंतिम पूल में शामिल करने की इच्छा जताई जाएगी।

939 भारतीय और 281 विदेशी खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

आईपीएल 2027 की नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले 1220 खिलाड़ियों में 939 भारतीय हैं। वहीं, 281 विदेशी खिलाड़ियों ने भी अपना नाम दर्ज कराया है। इस सूची में कुल 184 कैप्ड खिलाड़ी, 994 अनकैप्ड खिलाड़ी और एसोसिएट देशों के 42 खिलाड़ी शामिल हैं। अनकैप्ड खिलाड़ियों में 925 भारतीय हैं। इनमें 127 ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहले भी आईपीएल के किसी सीजन में खेल चुके हैं। यानी पहले आईपीएल में खेल चुके कुछ खिलाड़ी अब अनकैप्ड श्रेणी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे।

वैभव को आईपीएल में मिल सकते हैं 40 करोड़!

आकाश चोपड़ा का दावा, बन सकते हैं सबसे महंगे खिलाड़ी

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय क्रिकेट के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इन दिनों अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी को लेकर चर्चा में हैं। एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 में यूएई के खिलाफ ऐतिहासिक दोहरा शतक जड़ने के बाद उनकी जमकर तारीफ हो रही है। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने वैभव सूर्यवंशी को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उनका मानना है कि आने वाले समय में वैभव आईपीएल में 40 करोड़ रुपये तक की कीमत हासिल कर सकते हैं। इतना ही नहीं, वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बन सकते हैं। दरअसल, राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ मुकाबले में महज 53 गेंदों पर 204 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत इंडिया ए ने मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। वैभव ने अपनी पारी के दौरान गेंदबाजों की जमकर खबर ली और कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए।

आकाश चोपड़ा ने बताया 40 करोड़ रुपये वाला खिलाड़ी

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ करते हुए कहा कि अगर भविष्य में यह युवा बल्लेबाज आईपीएल की नीलामी में उतरता है या रिटेंशन को लेकर चर्चा होती है, तो वह सबसे महंगे खिलाड़ी बन सकते हैं। चोपड़ा के मुताबिक, आईपीएल में जसप्रीत बुमराह, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या जैसे बड़े खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन वैभव में मुकाबले का रुख पूरी तरह बदलने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि दूसरे खिलाड़ी टीम को जीत की ओर ले जाते हैं, जबकि वैभव अपनी बल्लेबाजी से मैच को एकतरफा बनाने की ताकत रखते हैं। इसी वजह से वह भविष्य में 40 करोड़ रुपये वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। हालांकि, चोपड़ा ने यह भी स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि वैभव ने खुद इतनी रकम की मांग की है।

वैभव की बल्लेबाजी देखकर वीडियो गेम जैसा लगा

आकाश चोपड़ा ने यूएई के खिलाफ वैभव की ऐतिहासिक पारी को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 रन बनाना बेहद मुश्किल होता है, लेकिन वैभव ने अपनी बल्लेबाजी से इसे संभव कर दिखाया। चोपड़ा ने बताया कि वैभव ने महज 28 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इसके बाद भी वह नहीं रुके और दोहरा शतक जड़कर एक और बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। उनकी बल्लेबाजी इतनी आक्रामक थी कि ऐसा लग रहा था मानो कोई वीडियो गेम खेला जा रहा हो।

पाकिस्तान के खिलाफ नहीं चला था बल्ला

आकाश चोपड़ा ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में वैभव से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वह उस मैच में रन बनाने में सफल नहीं हो पाए थे। हालांकि, यूएई के खिलाफ उन्होंने जिस अंदाज में बल्लेबाजी की, उससे अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महज 15 साल की उम्र में वैभव सूर्यवंशी जिस तरह बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर रहे हैं, उससे आईपीएल में उनके भविष्य को लेकर उम्मीदें और बढ़ गई हैं। अब देखना होगा कि आने वाले समय में यह युवा बल्लेबाज अपने प्रदर्शन से कितनी नई ऊंचाइयां हासिल करता है।

फोर्स 3: नोरा फतेही के डांस का लगेगा जबरदस्त तड़का, जॉन के साथ 6 साल बाद करेंगी वापसी



जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स 3' में नोरा की एंट्री खास होने वाली है। इसके साथ ही वह करीब छह साल बाद जॉन अब्राहम के साथ फिर से काम करती नजर आएंगी।

बड़े लेवल पर तैयार किया जाएगा गाना

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स इस गाने को बड़े लेवल पर तैयार करने का प्लान बना रहे हैं। फिल्म के एक्शन और बड़े दर्शक वर्ग को ध्यान में रखते हुए इसे खास अंदाज में फिल्माया जाएगा।

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया, 'नोरा को एक खास डांस नंबर के लिए चुना गया है। इसे हाई एनर्जी और शानदार म्यूजिकल अंदाज में तैयार करने का प्लान है, जो बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करेगा।'

हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इस गाने की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। गाने से जुड़ी बाकी जानकारियां फिलहाल सामने नहीं आई हैं।

फिल्म की स्टारकास्ट और रिलीज डेट

भाव धूलिया के निर्देशन में बन रही 'फोर्स 3' में जॉन अब्राहम एक बार फिर एसीपी यशवर्धन सिंह के किरदार में दिखाई देंगे।

इस फ्रेंचाइजी की शुरूआत साल 2011 में फिल्म 'फोर्स' से हुई थी।

इसके बाद 2016 में इसका दूसरा भाग 'फोर्स 2' रिलीज हुआ था।

फिल्म के तीसरे भाग में जॉन के साथ हर्षवर्धन राणे, तान्या मानिकतला और सूर्या शर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

'फोर्स 3' अगले साल 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

छठ पूजा की भक्ति में डूबीं मौनी रॉय

बोलीं- 'यह सिर्फ पर्व नहीं, एक एहसास है'

अभिनेत्री मौनी रॉय हाल ही में बिहार की राजधानी पटना पहुंचीं, जहां उन्होंने छठ पूजा की भक्ति और परंपराओं को करीब से देखा। इस दौरान वह शहर की खूबसूरत गलियों में घूमीं और छठ के दौरान लोगों की आस्था और उत्साह को महसूस किया। पटना में बिताए इन खास पलों की झलक मौनी ने सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने बताया कि इस शहर की संस्कृति, लोगों का प्यार और छठ पूजा का आध्यात्मिक माहौल उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह पटना की सड़कों पर घूमती और छठ पूजा से जुड़े नजारे देखती नजर आ रही हैं।

वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, "पटना, तुम वाकई बहुत खास रहे। शहर की खूबसूरत गलियों में घूमने से लेकर छठ पूजा की भक्ति, परंपराओं और रौनक को देखने तक, यहां का हर पल यादगार अनुभव रहा। हमें यहां का हर पल बहुत पसंद आया। इस खूबसूरत शहर की असली पहचान को करीब से महसूस किया। अब यहां से ढेर सारी यादें लेकर जा रहे हैं। पटना, फिर मुलाकात होगी।"

इस दौरान मौनी ने छठ पूजा के आध्यात्मिक महत्व पर भी बात की। वीडियो में वह देवी मां तारा की प्रतिमा के सामने खड़ी नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा, "जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दूं कि ये देवी मां तारा हैं। पटना में छठ सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि पूजा है। यह एक भावना और एहसास है। मेरे हिसाब से यह बहुत



आध्यात्मिक और पवित्र है।"

पटना दौरे के दौरान मौनी गोल्डन रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आईं। वीडियो में वह देवी मां तारा की प्रतिमा के सामने खड़े होकर छठ पूजा के महत्व के बारे में बताती भी दिखाई दीं। बता दें कि छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित प्रमुख पर्व है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में इसे बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में व्रती कठिन नियमों का पालन करते हुए उपवास रखते हैं और डूबते तथा उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं।

अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक साल पूरा हो गया है। उनकी

पिता धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुईं ईशा देओल, बोलीं- 'उनके बिना जिंदगी में खालीपन है'



पहली पुण्यतिथि पर बेटी ईशा देओल एक बार फिर पिता को याद कर भावुक हो गईं। ईशा के लिए धर्मेंद्र सिर्फ पिता ही नहीं, बल्कि उनके सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम और मार्गदर्शक भी थे।

आईएएनएस से बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि अपने काम और फिल्मों से जुड़े फैसले लेते समय वह हमेशा माता-पिता से चर्चा करती थीं। पिता के जाने के बाद उनकी जिंदगी में जो खालीपन आया है, उसे शब्दों में बयां करना उनके लिए आसान नहीं है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू के दौरान ईशा ने बताया, "जब भी मैं कोई प्रोजेक्ट साइन करती थी या फिल्मों को लेकर हमारी चर्चा होती थी, तो मैं हमेशा अपने माता-पिता को बताती थी कि मैं क्या कर रही हूं और आगे क्या करने वाली हूं। वे हमेशा मेरा बहुत साथ देते थे।"

उन्होंने आगे कहा, "उनके बिना जिंदगी में खालीपन है, लेकिन मुझे आज भी अपने पिता की मौजूदगी का एहसास होता है।"

वह कई बार अपने इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बता चुकी हैं कि धर्मेंद्र का उनके जीवन पर कितना गहरा प्रभाव रहा है। पिता से मिले संस्कार, प्यार और मार्गदर्शन आज भी उनके फैसलों का हिस्सा हैं।

धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर 2025 को मुंबई में हुआ था। वह 89 साल के थे। उनको सांस लेने में परेशानी थी, जिसके चलते उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक अस्पताल में उनका इलाज चला। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर लगातार खबरें आती रहीं।

11 नवंबर को सोशल मीडिया पर उनके निधन की झूठी खबरें भी फैल गई थीं। इस पर हेमा मालिनी और ईशा देओल ने बताया था कि धर्मेंद्र का इलाज चल रहा है और वह ठीक हो रहे हैं। इसके बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई और परिवार ने आगे का इलाज घर पर ही जारी रखने का फैसला किया।

अमला पॉल को क्यों था 'हाफ' पर इतना भरोसा? अभिनेत्री ने आईएफएफआई में किया खुलासा



अभिनेत्री और प्रोड्यूसर अमला पॉल अपनी फिल्म 'हाफ' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान उन्होंने अपना उत्साह साझा किया और बताया कि फिल्म की पहली नैरेशन सुनने के बाद से ही उन्हें यकीन हो गया था कि यह प्रोजेक्ट आगे चलकर बड़ी पहचान बनाएगा। निर्देशक के साथ पहली वीडियो कॉल पर ही उन्हें इस फिल्म की खासियत का अंदाजा हो गया था।

अमला ने कहा, "मुझे याद है कि निर्देशक के साथ मेरी पहली वीडियो कॉल हुई थी। उन्होंने मुझे फिल्म की कहानी सुनाई और फिर पूरे प्रोजेक्ट की प्रक्रिया और बाकी चीजों के बारे में समझाया। उसी वक्त मुझे महसूस हो गया था कि यह फिल्म बहुत आगे तक जाएगी।"

उन्होंने कहा, "कुछ प्रोजेक्ट ऐसे होते हैं, जिनके साथ बेहद जुनूनी प्रोड्यूसर जुड़े होते हैं। वे पूरी लगन से फिल्म बनाना चाहते हैं और कलाकार भी उसमें अपना पूरा दिल और मेहनत लगा देते हैं। इस फिल्म के साथ भी कुछ ऐसा ही था। मुझे लगता है कि हम सभी को पहले से पता था कि यह फिल्म कुछ खास करने वाली है।"

समजाद के निर्देशन में बनी इस ड्रामा फिल्म में रंजीत सजीव, ऐश्वर्या, अब्बास और श्रीकांत मुरली अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की एडिटिंग की जिम्मेदारी नेशनल अवॉर्ड विजेता एडिटर महेश भुवनेंद्रन ने संभाली है। वह 'आट्टम', 'वेला' और 'मधुरम' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। वहीं, प्रोडक्शन डिजाइनिंग का काम मोहनदास ने किया है, जो '2018', 'अय्यप्पनम कोशियुम' और 'लूसिफर' जैसी फिल्मों से जुड़े रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी पप्पिनु ने की है, जो 'मैटिनी' और 'कोंथयुम पूनूलुम' जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। वहीं, इसका म्यूजिक मिधुन मुकुंदन ने तैयार किया है। मिधुन को 'रोशाक' और 'अब्राहम ओजलर' में उनके काम के लिए काफी तारीफ मिल चुकी है। फिल्म की पटकथा निर्देशक समजाद और प्रवीण विश्वनाथ ने मिलकर लिखी है। इसके अलावा, नेशनल अवॉर्ड विजेता साउंड डिजाइनर विष्णु गोविंद भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं।